वर्ष-3, अंक-37
इन्दौर, शुक्रवार
25 अप्रैल 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

चाणक्य नीति

जिस प्रकार सभी पर्वतों पर मणि नहीं मिलती, सभी हाथियों के मस्तक में मोती उत्पन्न नहीं होता, सभी वनों में चंदन का वृक्ष नहीं होता, उसी प्रकार सज्जन पुरुष सभी जगहों पर नहीं मिलते हैं।

चाणक्य
-चाणक्य

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

पहलगाम हमला-सरकार ने सुरक्षा में चूक मानी

राहुल गांधी बोले- केंद्र के हर एक्शन को समर्थन

पहलगाम/नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने गुरुवार को माना कि पहलगाम हमले में सुरक्षा में चूक हुई है। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने मीटिंग में विपक्षी नेताओं को सुरक्षा में हुई चूक के बारे में जानकारी दी। स दौरान विपक्ष ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं। विपक्षी सांसदों ने आतंकी कैंपों को नष्ट करने की मांग की। कहा की सरकार आतंक के खिलाफ कड़े कदम उठाए। सर्वदलीय बैठक के बाद राहुल गांधी ने बताया कि हर एक्शन पर सरकार को पूरा सपोर्ट है। सर्वदलीय बैठक दो घंटे चली। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। पहलगाम के नजदीक बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकियों ने 26 टूरिस्ट की हत्या कर दी थी। इनमें एक नेपाली नागरिक शामिल था। 10 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। राहुल गांधी शुक्रवार को कश्मीर के अनंतनाग जाएंगे। वहां हमले में घायल हुए लोगों से मिलेंगे। भारत सरकार के जल संसाधन मंत्रालय के सचिव देबाशीष मुखर्जी ने पाकिस्तान को पत्र भेजकर सूचित किया है कि 1960 की सिंधु जल संधि को तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया गया है। भारत ने गुरुवार दोपहर ढ्ढह्स सूरत युद्धपोत से मिसाइल की टेस्टिंग की। टेस्टिंग सफल रही। सतह से समुद्र पर हमला करने का सफल परीक्षण किया गया। वायुसेना युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। इसे आक्रमण नाम दिया गया है। इसमें अंबाला (हरियाणा) और हाशीमारा (पश्चिम बंगाल) की दो राफेल स्क्वॉड्रन हिस्सा लेंगी। विदेश मंत्रालय ने जर्मनी, जापान समेत कई देशों के राजदूतों को बुलाया। बैठक में पहलगाम हमले की जानकारी दी। रूसी मीडिया रशिया टुडे (RT) ने मौजूदा हालातों को देखते हुए दावा किया है कि भारत कुछ बड़ा करने वाला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें पहलगाम हमले की जानकारी दी।

अटारी चेक पोस्ट बंद होने से पाकिस्तानियों की आवाजाही नहीं हो सकेगी

अटारी चेक पोस्ट के बंद होने से पाकिस्तान के लोगों की आवाजाही तो बंद होगी ही, साथ ही छोटे सामानों को भारत निर्यात नहीं करेगा। इससे वहां के छोटे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान होगा। भारत आए पाकिस्तानी नागरिकों को इस रास्ते से लौटने के लिए 1 मई तक का वक्त दिया गया है। इसके बाद वह इस रास्ते से नहीं लौट पाएंगे। साल 2019 में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के बाद से ही पाकिस्तान से द्विपक्षीय व्यापार बंद है। किसी तीसरे देश के माध्यम से भारत-पाकिस्तान के बीच आयात-निर्यात होता है। हालांकि, दोनों देशों के बीच छोटे-मोटे सामानों का लेन देन होता है। जैसे- सेंधा नमक, चमड़े का सामान, मुल्तानी मिट्टी, तांबे का सामान, मिनरल मिल्स, ऊन और चूना हैं।

वीजा सर्विस के साथ आतंकियों के आने का रास्ता भी बंद

भारत ने पाकिस्तानियों के वीजा पर रोक लगा दी है। इतना ही नहीं, स्न्न्रक्र्रष्ट वीजा छूट योजना से भी पाकिस्तान के लोग भारत नहीं आ पाएंगे। फैसले का मकसद- पाकिस्तान के कई लोगों की रिश्तेदारी भारत में है। ?ऐसे में कई बार पाकिस्तानी लोग रिश्तेदार बनकर भारत आते हैं। इनके अलावा धार्मिक यात्राओं का बहाना करके भारत आते हैं और आतंकी हमलों को अंजाम देते हैं। ऐसे में वीजा सर्विस बंद होने से आतंकियों के भारत आने का रास्ता भी बंद हो जाएगा।

हाई कमीशन से डिफेंस एडवाइजर्स हटाए

भारत ने नई दिल्ली में स्थित पाकिस्तानी हाई कमीशन में तैनात पाकिस्तानी मिलिट्री, नेवी और एयर एडवाइजर्स को अवांछित व्यक्ति घोषित किया है। उनके पास भारत छोड़ने के लिए एक हफ्ते का समय है। 1 मई 2025 तक पाकिस्तान के हाई कमीशन में तैनात कर्मचारियों की संख्या 55 से घटाकर 30 की जाएगी। भारत ने आजादी के बाद से अब तक दिल्ली में पाकिस्तान के दूतावास को कभी भी बंद नहीं किया है।

अपने डिफेंस एडवाइजर्स भी वापस बुलाए

पाकिस्तान के डिफेंस एडवाइजर्स हटाने के साथ ही भारत भी अपने मिलिट्री, नेवी और एयर एडवाइजर्स को इस्लामाबाद स्थित इंडियन हाई कमीशन से वापस बुलाएगा। संबंधित हाई कमीशन में ये पद निरस्त माने जाएंगे। दोनों उच्चायोगों से सर्विस एडवाइजर्स के 5 सपोर्ट स्टाफ को भी वापस बुलाया जाएगा।

इन दोनों फैसलों का असर

सैन्य-डिप्लोमैटिक संवाद ठपः भारत में पाकिस्तानी रक्षा सलाहकारों की वापसी से दोनों देशों के बीच सैन्य-स्तर की बातचीत और संपर्क पूरी तरह बंद हो जाएंगे।

हाई कमीशन का प्रभाव कम होगाः स्टाफ की संख्या घटकर 55 से 30 हो जाने से पाकिस्तानी उच्चायोग की कार्यक्षमता और भारत में उसकी कूटनीतिक मौजूदगी सीमित हो जाएगी।

न्यूज़ ब्रीफ

यूक्रेन पर रूस के भीषण हमलों में नौ की मौत

मास्को (एजेंसी)। रूस ने कीव पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि इन हमलों के कारण कई आवासीय इमारतों में आग लगने की सूचना मिली है। रूस ने यूक्रेन पर बुधवार रात बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जिनमें नौ लोगों की मौत हो गई और छह बच्चों सहित 63 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। 'कीव सिटी मिलिट्री एडमिनिस्ट्रेशन' ने अपने 'टेलीग्राम' चैनल पर बताया कि रूस ने कीव पर ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि इन हमलों के कारण कई आवासीय इमारतों में आग लगने की सूचना मिली है।

जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल की हवा खा चुके तमिलनाडु के मंत्री सेंथल बालाजी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट मनी लॉन्ड्रिंग केस में सेंथिल बालाजी को दी गई जमानत को वापस लेने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। उन पर जमानत की शर्तों को तोड़ने का आरोप है। इस पर कोर्ट ने साफ कर दिया कि जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा। न्यायमूर्ति अभय ओका की बेंच ने साफ कह दिया कि अगर जमानत पर बाहर रहना है तो मंत्री पद छोड़ना होगा।

आरबीआई ने 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को बैंक में खाता खोलने दी परमिशन

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारती रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को 10 वर्ष से अधिक आयु के नाबालिगों को स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी। भारतीय रिजर्व बैंक ने नाबालिगों के जमा खाते खोलने और संचालन के संबंध में संशोधित निर्देश जारी किए हैं। आरबीआई ने वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को संबोधित एक परिपत्र में कहा कि किसी भी उम्र के नाबालिगों को अपने प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के माध्यम से बचत और सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है।

रूसी वायु रक्षा ने रात भर में 87 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए

मास्को (एजेंसी)। रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने इस रात आठ क्षेत्रों में 87 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया और उन्हें रोक दिया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा,÷पिछली रात, ड्यूटी पर तैनात वायु रक्षा प्रणालियों ने 87 यूक्रेनी विमान प्रकार के मानव रहित हवाई वाहनों को नष्ट कर दिया और उन्हें रोक दिया। क्रीमिया गणराज्य के क्षेत्र में 45, बेलगोरोड और कुर्स्क क्षेत्रों में दस यूएवी को मार गिराया गया, वोरोनिश क्षेत्र में आठ, ब्रांस्क, लिपेत्स्क और निज़नी नोवगोरोड क्षेत्रों में चार को नष्ट किया गया, और मॉस्को क्षेत्र में दो को नष्ट किया गया।÷

छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर

बीजापुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में छत्तीसगढ़-तेलंगाना अंतरराज्यीय सीमा पर गुरुवार तड़के सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। अब तक तीन नक्सलियों के शव बरामद किए जा चुके हैं जबकि कई अन्य के भी मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार यह मुठभेड़ करेगुट्टा पहाड़ियों के घने जंगलों में उस समय शुरू हुई, जब सुरक्षाबलों की एक बड़ी संयुक्त टीम नक्सल विरोधी ऑपरेशन पर निकली थी। बताया जा रहा है कि यह ऑपरेशन बस्तर क्षेत्र में अब तक की सबसे बड़ी नक्सल विरोधी कार्रवाइयों में से एक है। इसमें जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ), सीआरपीएफ और उसकी कोबरा यूनिट समेत केंद्र व राज्य की कुल 10,000 से अधिक सुरक्षा बलों की टुकड़ियाँ शामिल हैं।

माओवादियों की बटालियन नंबर-1 निशाने पर

प्राप्त जानकारी अनुसार इस इलाके में सीपीआई (माओवादी) के सबसे खतरनाक माने जाने वाले बटालियन नंबर 1 और तेलंगाना राज्य समिति के शीर्ष माओवादी कैडर छिपे हुए हैं। इसी इनपुट के आधार पर सोमवार से ऑपरेशन की शुरुआत की गई थी, जो अभी भी जारी है।

तीन राज्यों की पुलिस का संयुक्त ऑपरेशन

इस ऑपरेशन में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र तीनों राज्यों की पुलिस बल सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। करीब 7,000 पुलिस कर्मियों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है ताकि नक्सलियों का बाहर निकलना असंभव हो जाए। सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ अभी भी जारी है और मारे गए नक्सलियों की संख्या में वृद्धि हो सकती है।

मुठभेड़ में सेना का जवान शहीद

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में गुरुवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया। सुरक्षा सूत्रों ने यह जानकारी दी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि उधमपुर के डुडू-बसंतगढ़ इलाके में लट्टी के वन क्षेत्र में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में विशेष सूचना मिलने पर जब तलाशी अभियान शुरू किया गया, तब सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच संक्षिप्त संपर्क स्थापित हुआ।

पहलगाम हमले में मारे गए लेफ्टिनेंट विनय की अर्थी को मां-बहन ने दिया कांधा

करनाल। पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए हरियाणा के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल का बुधवार शाम को उनके करनाल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। सैन्य सम्मान के साथ विनय नरवाल को विदाई गई।

इस दौरान उनकी बहन ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। विनय के अंतिम संस्कार में सीएम नायब सैनी भी शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक बुधवार का विनय का शव श्रीनगर से दिल्ली लाया गया और फिर वहां से करनाल ले जाया गया। शाम छह बजे के करीब विनय का पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो चीख पुकार

मच गई। इस दौरान परिजनों ने अपने लाल के अंतिम दर्शन किए। वहीं, विनय को अंतिम विदाई देने पूरा शहर उमड़ पड़ा। फिर मां और बहन ने अपने लाड़ले की अर्थी को कांधा दिया। अंतिम संस्कार में शामिल सीएम नायब सिंह सैनी ने पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए हरियाणा के वीर सपूत भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की अंतिम यात्रा को देखकर हम सबकी आंखें नम थीं।

ट्रंप के टैरिफ वॉर से कश्मीर का कालीन कारोबार संकट में

नई दिल्ली (एजेंसी)। कश्मीर का कालीन कारोबार सदियों पुराना है, जिसकी शान दुनिया भर में मशहूर है। लेकिन अब यह उद्योग अमेरिकी प्रशासन द्वारा लगे टैरिफ के कारण गहरे संकट में आ गया है। अमेरिकी बाजार में कश्मीरी कालीन महंगे हुए हैं, जिससे कश्मीरी कालीन की मांग में गिरावट आई है। ट्रंप का टैरिफ वॉर हजारों कश्मीरी कारीगरों के लिए कठिन दौर लेकर आया है, जिनकी रोज़ी-रोटी इसी पारंपरिक हुनर पर टिकी हुई है। कश्मीरी कालीन बनाने वाले कारीगिरों का कहना है कि हाथ से बुने कश्मीरी कालीन न केवल बारीकी से बनाए जाते हैं।

फिलिस्तीन के राष्ट्रपति ने हमास को कुत्ते की औलाद कहा

रामल्ला (एजेंसी)। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने हमास को कुत्ते की औलाद कहा है। बुधवार को रामल्ला में दिए एक भाषण में अब्बास ने कहा कि हमास बंधकों को रिहा करे ताकि इजराइल को गाजा में जंग जारी रखने का बहाना न मिले।

अब्बास ने कहा कि गाजा में नरसंहार को रोकना पहली प्राथमिकता है। इसे रोका जाना चाहिए, हर दिन सैंकड़ों लोग मारे जा रहे हैं। अब्बास ने हमास से अपील की कि वह हथियार छोड़कर राजनीतिक दल बन जाए और गाजा का नियंत्रण फिलिस्तीनी अथॉरिटी को सौंप दे। अब्बास ने फिलिस्तीन अथॉरिटी की सेंट्रल काउंसिल की बैठक में यह बात कही है। इस बैठक में वह अपने उत्तराधिकारी का नाम भी घोषित करेंगे।

हमास ने 2007 में अब्बास की फतह पार्टी को हराकर गाजा पर नियंत्रण कर लिया था। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि जब तक इजराइली बंधक नहीं लौटाए जाएंगे, गाजा में अन्न का एक दाना नहीं पहुंचने दिया जाएगा। काट्ज ने कहा कि इस मामले में इजराइल की नीति बिल्कुल साफ है। इजराइल ने गाजा पट्टी में सभी मानवीय सहायता (खाना, पानी, दवाइयां, तेल) पर रोक लगा दी है। यह नाकाबंदी 2 मार्च 2025 को शुरू हुई थी। इजराइल ने हमास पर बंधक बनाए गए 58 लोगों को रिहा करने का दबाव बनाने के लिए यह कदम उठाया था।

भीषण आग, 87 झोपड़ियां जलीं

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ कौनसी खेड़ा में देर रात भीषण आग लग गई। 87 से अधिक झुग्गी-झोपड़ी धधकने लगीं। 2 किमी दूर से लपटें दिखाई दे रही थीं। सिलेंडर और बाइकों के पेट्रोल टैंक फटने से धमाकों से इलाका दहल उठा।

आग की लपटें और चीख-पुकार सुनकर लोगों अपने घरों से बाहर निकल आए।। लोगों ने पहले पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बेकाबू होते देख दमकल को सूचना दी। सरोजनी नगर सीएफओ दो दमकल के साथ मौके पर पहुंचे। आग को देखते हुए शहर के सभी दमकल स्टेशन से गाडियां बुलाई गईं। 6 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मी आग पर पूरी तरह से काबू पा सके हैं। हादसा मंगलवार रात पौने तीन बजे बिजली के पोल में शॉर्ट सर्किट से हुआ। देखते ही देखते पूरी बस्ती खाक हो गई।

गंभीर को आतंकी संगठन ने जान से मारने की धमकी दी

पुलिस ने बढ़ायी सुरक्षा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर को आईएसआईएस कश्मीर नाम के एक आतंकी संगठन ने जान से मारने की धमकी दी है।



गंभीर को ईमेल के जरिए ये धमकी दी गयी है। इस मामले की पुलिस ने जांच शुरु कर दी है। इसके साथ ही उनकी परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। धमकी मिलने के बाद गंभीर ने दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी और कहा था कि उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। गंभीर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद भी हैं। इससे पहले भी साल 2021 में भी उन्हें इसी तरह की एक धमकी मिली थी। गौरतलब है कि पहलगाम हमले की गंभीर ने कड़ी आलोचना करते हुए कहा था कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, पीड़ित परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। इस हमले के जिम्मेदार लोगों को इसकी कीमत चुकानी होगी। भारत इसके खिलाफ हमला करेगा। गौरतलब है कि बुधवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में कैबिनेट की सुरक्षा संबंधी समिति की बैठक हुई थी। इसमें भारत सरकार ने पाक के खिलाफ कड़े कूटनीतिक कदम उठाये हैं। आईएसआईएस कश्मीर, जिसे इस्लामिक स्टेट जम्मू एंड कश्मीर (आईएसजेके) भी कहते हैं, एक आतंकवादी संगठन है। इसे आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है। यह आईएसआईएस का ही एक हिस्सा है और जम्मू और कश्मीर में काम करता है। यह संगठन 2016 के आसपास बना था।

मोरों में फैली रहस्यमयी बीमारी, अब तक 80 की मौत

इस्लामाबाद, (एजेंसी)। पाकिस्तान के सिंध प्रांत के थारपारकर में मोरों में एक रहस्यमयी बीमारी फैल गई है। इससे 80 से ज्यादा मोरों की मौत हो गई और सैकड़ों बीमार हो गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक माना जा रहा है कि इस रहस्यमय बीमारी के पीछे तेज गर्मी और भोजन-पानी प्रमुख कारण है। इस्लामकोट, नगरपारकर और चाचरो तहसीलों समेत प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के मुताबिक मोरों में फ्लू, बुखार, गले में सूजन और कुछ मामलों में दृष्टि हानि जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। रिपोर्टों से पता चलता है कि लक्षण दिखने के बाद पक्षी ठीक नहीं हो पाते हैं। यह प्रभाव विशेष रूप से वन क्षेत्रों में गंभीर है, जहां मोर पहले से ही गर्मी के मौसम में बढ़ते तापमान और डिहाइड्रेशन से जूझ रहे हैं। मोरों को थार रेगिस्तान की एक प्रतिष्ठित प्रजाति माना जाता है, जिन्हें अक्सर उनके जीवंत पंखों और सांस्कृतिक महत्व के लिए सराहा जाता है। उनके गिरते स्वास्थ्य ने वन्यजीव उत्साही और संरक्षणवादियों के बीच चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों ने अभी तक बीमारी के कारण की पुष्टि नहीं की है या क्षेत्र में किसी भी औपचारिक जांच या आपातकालीन प्रतिक्रिया की घोषणा नहीं की है।

संपादकीय

जम्मू-कश्मीर में केंद्र सरकार के सारे दावे हवा हवाई

जम्मू कश्मीर को लेकर केंद्र सरकार द्वारा विगत वर्षों में बड़े-बड़े दावे किए गए हैं। 370 की समाप्ति के बाद केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर में सामान्य हालात बताए जाने के दावे बार-बार किए गए हैं लेकिन कड़वी सच्चाई यह है, कि केंद्र सरकार जब-जब जो-जो दावे करती है वह सब हवा-हवाई साबित होते हैं। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने एक बार फिर केंद्र सरकार के दावों की पोल खोल दी है। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया गया था। केंद्र सरकार ने नए जम्मू कश्मीर का सपना दिखाया था। केंद्र सरकार ने वादा किया था, धारा 370 खत्म होने के बाद जम्मू कश्मीर में निवेश की बाढ़ आ जाएगी। बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचों का विकास होगा। हसीन वादियों में देश और दुनिया के पर्यटक बड़ी मात्रा में जम्मू-कश्मीर आएंगे। जम्मू-कश्मीर भारत की मुख्य धारा में शामिल हो जाएगा। इसमें कोई संदेह नहीं है, कि पिछले कुछ वर्षों में जम्मू-कश्मीर में सड़क राजमार्ग सुरंग तथा रेल सुविधा से जोड़ने के लिए सरकार ने काम किया है। केंद्र सरकार द्वारा जम्मू कश्मीर को तीन भागों में विभाजित कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया। तीन पूर्व मुख्यमंत्री को लंबे समय तक जेल में बंद अथवा नजरबंद करके रखा गया। जम्मू कश्मीर में कई महीने तक स्कूल कॉलेज बंद रहे। बार-बार इंटरनेट बंद होता रहा। इसके बाद भी जम्मू कश्मीर के हालातो में कोई बहुत ज्यादा सुधार देखने को नहीं मिला। धारा 370 हटाने के बाद लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हुए, अलगाववादी संगठनों ने भी चुनाव में भाग लिया। मतदाताओं ने भी चुनाव में खुलकर हिस्सा लिया। उमर अब्दुल्ला निर्वाचित जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन उनके पास कोई अधिकार नहीं हैं। जब राज्य सरकार के पास कोई अधिकार ही नहीं है, ऐसी स्थिति में उन्हें किसी भी काम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। जम्मू कश्मीर की कानून व्यवस्था और प्रशासन पूरी तरह से केंद्र सरकार के प्राधिकारी के रूप में उपराज्यपाल के पास है।

कल्याण की कामना करने के लिए अब गधे ही बचे हैं...

अखबारों में ह्दय विदारक समाचार पढ़ा। बताइए भला, कैसे दुर्दिन आए हैं। इस उर्वरा भूमि में गधों की कमी हो रही है। कैसे दिन दिखला रहे हो प्रभूजी ? अखबार चटकारे लेकर बता रहे हैं कि,' फला शहर में इतने गधे कम हुए। फला शहर में उससे ज्यादि कम हुए। सबसे कम गधे उस शहर में हैं। गधों की कमी से इंसानी समाज में चिंता व्याप्त है।' गदर्भ राज से मिलने पहुंचा। कभी गधे-गधियों से गुलजार रहने वाले उनके भवन में श्मेशान का सा सन्नोटा था। यह जानकर कि मैं उनसे कुछ पूछने आया हूं,

वे बोले, ' क्याह पूछना चाहते हो ? वैसे अब पूछने-बताने लायक बचा क्याथ है??' -' आपका कुटुंब तो सब जगह दिखता था। तमाम उपमाएं आपसे ही बलवती होती थीं। विभिन्ने संज्ञाओं का आप मूर्त रूप थे। आप काम के निष्कादम पर्यायवाची हैं। आप मुश्किल में भी आनंद मनाते हैं , इसलिए वैशाखानंद कहलाते हैं । अब ऐसा क्या हुआ कि गधों का खानदान संकट में पड़ा दिखाई पड़ रहा है?' मैंने पूछा। वैशाखानंद बोले, ' क्या है कि हमारे मुल्क में आजकल मुखौटों का चलन कुछ ज्यादद‌ा ही चल पड़ा है। जो जैसा दिखता है वो असल में वैसा होता नहीं। गर्दभ बंधु भी बड़ी तादाद में मुखौटों का इस्तोमाल करने लगे हैं। हमारे अनेक बंधु-भगनियां ज्ञानियों का मुखौटा लगाकर ज्ञानी बन चुके हैं और तरह-तरह के ज्ञान बांट रहे हैं। कई ने राजनीति के विभिन्नं मुखौटों को स्थानई रूप से अपने शरीर में फिट कर लिया है। सम्मौन और ईनाम पाने में हमारी साहित्यिक?क मुखौटाकृतियों ने खालिस साहित्यंकारों को फेल कर दिया है। हमारे बंधुओं ने मुखौटे के भीतर से प्रशासन और चिकित्सा के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थाोपित किए हैं। हमारा प्रभुत्व ऐसा बढ़ा है कि मुखौटे से निकलती चींपों-चींपों में भी अब पंचम-सप्त म सुर ढूंढे जाते हैं। किसी भी फील्डा के किसी ख्या तिलब्ध? व्यंक्ति का मुँह नोच के देखें, हमारे ही बंधु-बांधवों का चेहरा ही हाथ लगेगा।' -' असल सवाल तो गधों की तादाद में कमी का है?' - ' अब इतने सारे लोग हमारे कुटुंब से दूसरे कुटुंबों में चले जाएंगे तो हमारी संख्याय ऑटोमेटिकली कम हो जाएगी।' छोड़कर गए बंधुओं को वापस लाने के लिए आप क्या' कर रहे हैं?' -' कुछ नहीं। जो जहां रहे, खुश रहे। सबका कल्यापण हो...।' कहकर गर्दभराज ने आंखें बंद कर लीं। अपने मुखौटाधारी बंधुओं के कल्या ण की कामनाएं करने के लिए अब खालिस गधे ही बचे हैं।

डॉ. प्रदीप मिश्र
9827063496

कहानी

सम्मान के साये



छोटे से कस्बे शीकापुर में दो मित्र साथ-साथ स्कूल जाते थे-रघु और अमित। दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते, लेकिन स्वभाव एकदम विपरीत। रघु तेजतर्रार, उद्दंड और मारपीट में आगे, जबकि अमित शांत स्वभाव का, पढ़ाई में अव्वल और शिक्षकप्रिय। रघु को अक्सर स्कूल से निकाले जाने की धमकी मिलती, जबकि अमित हर पुरस्कार समारोह में मंच पर होता।

रघु बहुत ही शरारती या यूं कहें अभद्र और उद्दंड स्वभाव का था। कक्षा में शिक्षक ने उसकी किसी शरारत पर उसे डांटा। लेकिन उद्दंड रघु ने शिक्षक को अपशब्द कहे, पूरी कक्षा सहमी रही। शिक्षक बुरी तरह क्रोधित हो गये। उन्होंने प्रधानाचार्य को सारे मामले से अवगत कराया। रघु की उद्दंडता देखिए कि उसने प्रधानाचार्य को भी अपशब्द कहे। दरअसल कस्बे के एक राजनीतिक नेता का रघु के परिवार को वरदहस्त प्राप्त था जिसके नाम पर न केवल रघु वरन उसका पूरा परिवार कस्बे में अपना दबदबा कायम रखता था।

स्कूल में हमेशा एक बात दोहराई जाती थी- रघु का तो कुछ नहीं होगा, और अमित अपनी मेधावी प्रकृति के चलते यश प्राप्त कर देश का नाम रोशन करेगा।

रघु की उद्दंडता लगातार बढ़ती रही। जबकि अमित अपनी तीव्र बुद्धि के बल पर शिक्षा में उन्नति के आयाम प्रतिस्थापित करता रहा।

10वीं के बाद अमित शहर चला गया। रघु ने पढ़ाई छोड़ दी और किसी लोकल नेता के पीछे लग गया, जिसने उसमें जोश देखा, दिशा नहीं। रघु ने शराब की अवैध बिक्री शुरू कर दी। एक दो बार वह जेल भी गया लेकिन नेता का प्रभाव कहें या व्यवस्था की कमी वह हर बार साफ बच कर आता रहा। हां पुलिस ने कई बार उसे पीटा भी। इस बीच वह अपने नेता की पार्टी में पदाधिकारी भी बना दिया गया। अब तो रघु और भी आक्रामक हो गया।

आंदोलनों के नाम पर धरना प्रदर्शन में भाग लेना और तोडफ़ोड़ करना उसका नियम बन गया। स्थानीय जनता में वह दबंग नेता के रूप में चर्चित हो गया। शुरू में रघु ने कुछ चुनाव भी लड़े जिनमें उसे सफलता नहीं मिली।

उधर अमित ने प्रशासनिक सेवा की तैयारी शुरू की, संघर्ष किया, और आखिरकार वह आईएएस अफसर बना।

समय बीतता रहा। आईएएस अमित अब जिलाधिकारी के पद पर पहुंच चुका था। समय के साथ और अपने प्रशासनिक दायित्व को निभाते निभाते अमित रघु को बिल्कुल भुला चुका था।

एक दशक बीत गया। अब अमित जिस जिले का जिलाधिकारी था वहाँ एक दिन उसके पास सूचना आती है प्रदेश के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री श्री रघु यादव जिले के दौरे पर आ रहे हैं।

10वीं के बाद अमित शहर चला गया। रघु ने पढ़ाई छोड़ दी और किसी लोकल नेता के पीछे लग गया, जिसने उसमें जोश देखा, दिशा नहीं। रघु ने शराब की अवैध बिक्री शुरू कर दी। एक दो बार वह जेल भी गया लेकिन नेता का प्रभाव कहें या व्यवस्था की कमी वह हर बार साफ बच कर आता रहा। हां पुलिस ने कई बार उसे पीटा भी। इस बीच वह अपने नेता की पार्टी में पदाधिकारी भी बना दिया गया। अब तो रघु और भी आक्रामक हो गया। आंदोलनों के नाम पर धरना प्रदर्शन में भाग लेना और तोडफ़ोड़ करना उसका नियम बन गया। स्थानीय जनता में वह दबंग नेता के रूप में चर्चित हो गया। शुरू में रघु ने कुछ चुनाव भी लड़े जिनमें उसे सफलता नहीं मिली।

रघु नाम सुनकर अमित कुछ चौंका उसे अपने बचपन के शरारती और उद्दंड मित्र रघु की याद आ गई। लेकिन उसने वह नहीं सोचा जो होने वाला था।

हेलीपैड पर मंत्री जी के स्वागत की तैयारियाँ होती हैं। पुलिस सुरक्षा के बीच कार्यकर्ताओं की भीड़, बैंड-बाजों की गूंज, मंत्री जी जिंदाबाद के नारे। डीएम अमित प्रशासनिक दायित्व का निर्वहन करते हुए मंत्री जी के आगमन की प्रतीक्षा में खड़े अपने मातहतों को जरूरी दिशानिर्देश दे रहे थे। तभी आसमान में हेलीकॉप्टर की गडग़ड़ाहट सुनायी देती है। कार्यकर्ताओं के नारे जोर पकडऩे लगते हैं। हर कोई मंत्री जी को अपना चेहरा दिखाने की होड़ में लगता है। अमित और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी बमुश्किल उन्हें नियंत्रित करते हैं।

हेलीकॉप्टर के लैंड करते ही मंत्री के रूप में जो शख्स उतरता है उसे देखकर अमित हक्का बक्का रह जाता है। ये तो वही है। रघु वही रघु जिसके चेहरे में ही क्रूरता झलकती थी आज वही चेहरा मंद किन्तु कुटिल मुस्कान लिये एक सम्मानित शख्स के रूप में उसके सामने था।

अरे ये तो वही वही रघु, पक्के सूट में, हाथ हिलाता, मुस्कराता।

अमित अभी अचंभे से बाहर आता कि एक और अचम्भा कार्यकर्ताओं की भीड़ में सबसे आगे खड़े वही गणित शिक्षक, जो अब वृद्ध हो चले हैं, रघु को माला पहनाते हैं, और कहते हैं – हमारे छात्र रघु ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है।

अमित यानी डीएम साहब भी खड़े हैं, विनम्र मुद्रा में, एक सरकारी अधिकारी की गरिमा के साथ। अचानक मंत्री जी रघु की निगाहें डीएम साहब से मिलती हैं और मंत्री जी पहचानने वाले अंदाज में जीत की मुस्कान चेहरे पर लिये हुये अमित की ओर देखते हैं।

अमित भी मुस्कराने की कोशिश करता है पर असफल हो जाता है। अपने और रघु के वर्तमान को वह तोल रहा था। पलड़ा किसका भारी है? अमित समझ नहीं पा रहा था।

कार्यक्रम के बाद रघु ने डीएम साहब अमित को अकेले में भेंट करने के लिए बुलाया था।

अमित चौंक उठा था। क्या रघु उसे पहचान गया? उसे याद आ गई वह बात जब उसने स्कूल के दिनों में रघु से कहा था कि रघु भय्या, ऐसे तो तेरी जिंदगी बर्बाद हो जायेगी। पढऩा लिखना बहुत जरुरी है। तभी आगे कोई नौकरी मिलेगी।

तब रघु हंस दिया था। वह बोला ये बेकार की बात है अमित पढ़ाई से कुछ नहीं होता। यहाँ की व्यवस्था ही ऐसी है। पढ़ लिखकर नौकरी मांगी जाती है। और मैं नौकरी मांगने वाला नहीं नौकरी देने वाला बनूंगा।

अमित ने रघु की इस बात का उस समय जमकर विरोध किया था। रघु तुम बहुत बड़ी गलती कर रहे हो।

उस संवाद को याद करते हुए डीएम अमित मंत्री जी के कमरे में कब पहुंच गया कि उसे अभिवादन का भी ध्यान नहीं रहा।

रघु (हँसते हुए)

क्या सोचा था, और क्या हो गया ना अमित? तू पढ़ता रहा मैं जनता में घुस गयाज् किस्मत देख!

अमित मुस्कराकर-तू आज बड़ा आदमी बन गया, रघु। लेकिन मैं सोचता हूँ, हमारे शिक्षक जिनकी आँखों में तू डर लाता थाज् आज उन्हीं की आँखों में गर्व है। ये समय का खेल है, शायद।

रघु-समय नहीं, चालाकी और अवसर। तू काबिल था मैं होशियार हो गया।

अमित अपने सरकारी बंगले की खिड़की से मंच की ओर देखता है – जहाँ सम्मान के पट्टों से लदा रघु कैमरे के फ्लैश में मुस्कराता है।

कहानी यही सवाल छोड़ जाती है क्या सफलता केवल योग्यता का परिणाम है? या कभी-कभी यह केवल दिशा और समय की चाल होती है?

(विनोद भगत आंगिरस - विभूति फीचर्स)

व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

सेंसेक्स 315 अंक, निफ्टी 82.25 अंक नीचे आया

मुम्बई । भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इससे बाजार में पिछले सात दिन से जारी तेजी रुक गई। आज कारोबार के दौरान हिंदुस्तान यूनिलीवर और अन्य एफएमसीजी शेयरों के अलावा आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल के शेयरों में गिरावट से भी बाजार नीचे आया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में 315.06 अंक करीब 0.39 फीसदी नीचे आकर 79,801.43 अंक पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (हस्थ्) का निफ़्टी भी अंत में 82.25 तकरीबन 0.34 फीसदी की गिरावट के साथ ही 24,246.70 अंक पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी रही, जिसमें डॉव जोन्स 1.07 फीसदी बढ़कर 39,606.57 पर, एसएंडपी 500 1.67 फीसदी ऊपर आकर 5,375.86 पर और नैस्डैक कंपोजिट 2.50 फीसदी बढ़कर 16,708.05 पर बंद हुआ। एसपी 500 से जुड़े फ्यूचर्स में मामूली 0.08 फीसदी की तेजी आई। नैस्डैक 100 फ्यूचर्स स्थिर रहा, जबकि डॉव जोन्स फ्यूचर्स में 0.15 फीसदी की गिरावट रही। वहीं एशियाई बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। जापान का निक्केई 225 0.89 फीसदी उछला, दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.41 फीसदी गिरा तथा ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.59 फीसदी बढ़ा। हांगकांग का हैंग सेंग इंडेक्स 0.1 फीसदी गिरा और मेनलैंड चीन का सीएसआई 300 मामूली रूप से 0.16 फीसदी नीचे आया। इससे पहले आज सुबह बाजार लाल निशान में खुला। शुरुआती कारोबार में ऑटो, मेटल और रियलिटी सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सुबह सेंसेक्स 221.03 अंक की गिरावट के साथ 79,895.46 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 75.55 अंक की गिरावट के साथ 24,253.40 पर था। निफ्टी बैंक 152.60 अंक की गिरावट के साथ 5,217.45 पर था।

रुपया बढ़त पर बंद

मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ ही 85.30 पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी विदेशी मुद्रा बाजार में आज सुबह शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 22 पैसे टूटकर 85.67 पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि जम्मू- कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने से बाजार की धारणा प्रभावित हुई। वैश्विक मोर्चे पर अमेरिकी डॉलर सूचकांक अपने हाल के निचले स्तर 97.92 से बढ़कर 99.94 पर पहुंच गया। इसका कारण अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम होने के संकेत हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.60 पर खुला और बाद में 85.67 पर आ गया। यह पिछले बंद भाव 85.45 रुपये के मुकाबले 22 पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया 26 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.45 पर बंद हुआ था।

आरबीआई ने 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को बैंक में खाता खोलने दी परमिशन

इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम/डेबिट कार्ड आदि बैंकिंग सुविधाएं भी मिलेगी

नई दिल्ली । भारती रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों को 10 वर्ष से अधिक आयु के नाबालिगों को स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी। भारतीय रिजर्व बैंक ने नाबालिगों के जमा खाते खोलने और संचालन के संबंध में संशोधित निर्देश जारी किए हैं। आरबीआई ने वाणिज्यिक बैंकों और सहकारी बैंकों को संबोधित एक परिपत्र में कहा कि किसी भी उम्र के नाबालिगों को अपने प्राकृतिक या कानूनी अभिभावक के माध्यम से बचत और सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है। 10 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों को अपनी मां को अभिभावक बनाकर ऐसे खाते खोलने की भी अनुमति दी जा सकती है। परिपत्र में कहा गया है- जिन नाबालिगों की आयु सीमा 10 वर्ष से कम नहीं है और बैंकों द्वारा उनकी जोखिम प्रबंधन नीति को ध्यान में रखते हुए निर्धारित की गई राशि और शर्तों तक, उन्हें स्वतंत्र रूप से बचत/सावधि जमा खाते खोलने और संचालित करने की अनुमति दी जा सकती है, यदि वे ऐसा करना चाहते हैं, और ऐसी शर्तों को खाताधारक को विधिवत रूप से सूचित किया जाना चाहिए। इसके अलावा, वयस्क होने पर खाताधारक के नए संचालन निर्देश और नमूना हस्ताक्षर प्राप्त किए जाने चाहिए और उन्हें रिकॉर्ड में रखा जाना चाहिए। परिपत्र में कहा गया- बैंक अपनी जोखिम प्रबंधन नीति, उत्पाद उपयुक्तता और ग्राहक उपयुक्तता के आधार पर नाबालिग खाताधारकों को इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम/डेबिट कार्ड, चेक बुक सुविधा आदि जैसी अतिरिक्त बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करने के लिए स्वतंत्र हैं। बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि नाबालिगों के खाते, चाहे वे स्वतंत्र रूप से या अभिभावक के माध्यम से संचालित हों, से अधिक निकासी की अनुमति नहीं दी जाए और ये हमेशा क्रेडिट बैलेंस में रहें।

हमारी पृथ्वी हमारी जिम्मेदारी, विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित

इन्दौर। साउथ राजमोहल्ला स्थित बटुकेश्वरदत्त उद्यान में संस्था एक पहल द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस पर हमारी पृथ्वी हमारी जिम्मेदारी विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें संस्था अध्यक्ष बच्छराज भाटी ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। जल, जमीन और हवा शुद्ध रहेगी तो हमारा जीवन भी सुखी होगा। सचिव बुरहानुद्दीन शकरुवाला ने बताया कि पहला पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन के रूप में 22 अप्रैल 1970 को मनाया गया था। अब यह विश्व के सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष आंदोलन में से एक बन गया है। उपाध्यक्ष राजेंद्र असावा ने कहा कि गोवंश पर्यावरण को भी संतुलित करने में सहायक सिद्ध होता है और गाय पृथ्वी का आधार है। आयोजन में पोस्टर के माध्यम से पृथ्वी बचाने का संदेश दिया गया। गोष्ठी में कोषाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, हंसराज भाटी, ओपी यादव, दिलीप जोशी व संजय असावा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

निर्दोष नागरिकों पर हुए हमले की निंदा

इंदौर। पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए हमले की संस्था एक पहल ने कड़ी निंदा करते हुए संस्था सचिव बुरहानुद्दीन शकरुवाला एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र असावा ने कहा कि पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों के इस कायरतापूर्ण हमला घोर निंदनीय है। संस्था ने हमले में मारे गए सभी नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है।

पीथमपुर में सरकारी राशन वितरण में भारी अनियमितता, नमक की थैली ?10 में बेचने पर रहवासियों का हंगामा

पीथमपुर। एक ओर जहां केंद्र सरकार 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन देने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर पीथमपुर क्षेत्र में सरकारी राशन वितरण प्रणाली में भारी लापरवाही और मनमानी देखने को मिल रही है। शहर के अलग-अलग वार्डों में संचालित शासकीय राशन दुकानों पर नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है। गरीबों को न समय पर राशन मिल रहा है, न ही तय मूल्य पर सामग्री दी जा रही है।

ग्राम सागौर के वार्ड क्रमांक 23 स्थित सरकारी राशन दुकान पर नाराज रहवासियों ने घेराव कर विरोध जताया। उनका कहना है कि पिछले तीन महीनों से राशन नहीं मिला है, और एक रुपए में मिलने वाली नमक की थैली ?10 में दी जा रही है। यह स्थिति सिर्फ एक वार्ड की नहीं है, बल्कि पूरा पीथमपुर क्षेत्र सरकारी राशन दुकानों की मनमानी से त्रस्त है।

'हर जगह अपने नियम, हर दुकान पर अलग कहानी'

रहवासियों का आरोप है कि हर दुकान पर संचालक अपने मनमाने नियम बनाकर राशन वितरण करता है। कहीं स्टॉक न होने का बहाना किया जाता है, तो कहीं वितरण की तारीख बदल दी जाती है। कुछ दुकानों पर सामग्री कम तोलकर दी जा रही है। प्रशासन के पास शिकायतों की भरमार है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामले पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम राहुल गुप्ता ने जांच के निर्देश देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए कहा जाएगा और जर्जर राशन दुकानों की पहचान कर उचित समाधान किया जाएगा। साथ ही नागरिकों से ई-केवाईसी कराने की अपील की गई है। लेकिन रहवासी केवल आश्वासन नहीं, सत्य और ठोस कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक दोषियों पर कानूनी कार्रवाई नहीं होती और व्यवस्था को पारदर्शी नहीं बनाया जाता, तब तक गरीबों का शोषण ऐसे ही चलता रहेगा।

जनता की चेतावनी - अबकी बार चुप नहीं बैठेंगे

घेराव कर रहे ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मामले में कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे और जिला प्रशासन का घेराव करेंगे।

कार्टून कोना

आकाश विजयवर्गीय ने विधानसभा एक के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगण संग की बैठक

पेयजल संकट के समाधान के लिए, बुलाई बैठक अगले साल तक जलसंकट मुक्त होगा विधानसभा एक आकाश विजयवर्गीय

इंदौर। इंदौर शहर में इन दिनों भीषण गर्मी का दौर चल रहा है। सूरज की तेजी और लू के थपेड़ों के साथ जलसंकट की भी खबरें आ रही है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 में जलसंकट से निपटने की पहल नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मार्गदर्शन में एवं पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में की गई । इसके तहत गुरुवार 24 तारीख को आकाश विजयवर्गीय ने विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 के पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं नगर निगम के जलप्रदाय से संबंधित समस्त कर्मचारियों और अधिकारियों की बैठक बुलवाई।

जलसंकट पर हुई विस्तृत चर्चा

बैठक में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 में भीषण गर्मी के चलते गहराते जलसंकट पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों में पेयजल को लेकर आ रही समस्याओं को रखा और नगर निगम के जलप्रदाय से संबंधित समस्त कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ इस संबंध में विस्तार से विचार-विमर्श किया। बैठक में आकाश विजयवर्गीय ने बोरिंग के सदुपयोग करने के निर्देश दिए और कहा कि पानी की एक-एक बूंद अनमोल है। समस्याग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल सप्लाई करने के निर्देश दिए गए। जहां पर संभव हो वहां पर पानी की टंकी रखकर टैंकर या बोरिंग से भरने के निर्देश दिए। कुछ क्षेत्रों में पानी की टंकी के पूरी क्षमता से ना भरने की शिकायत की गई, जिससे कई घरों में पानी की पर्याप्त सप्लाई नहीं होने की बात सामने आई। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में पाईप लाइन डली हुई है, लेकिन इसके बावजूद पानी घरों में नहीं पहुंच रहा है।

अगली गर्मी तक जलसंकट मुक्त होगा क्षेत्र

मीडिया से चर्चा करते हुए आकाश विजयवर्गीय ने कहा कि पहले जलसंकट को लेकर बैठक होती थी तो बड़ा हंगामा होता था, लेकिन हमारे मुख्यमंत्री मोहन यादवजी, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव के मेहनत और कार्यकर्ताओं के प्रयासों की बदौलत काफी कम समस्या है और हमारा प्रयास है कि अगले साल गर्मी तक हमारा क्षेत्र जलसंकट से मुक्त हो जाए।

जल संरक्षण कर आने वाली पीढ़ी को दे सौगात

इस अवसर पर रुफ वॉटर हार्वेस्टिंग को लेकर गंभीर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि यह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए सौगात होगी। नगर निगम के अधिकारियों ने कहा कि जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में जलभराव वाली जगहों की पहचान करे और हमें आने वाले सात दिनों के अंदर सूचित करें, क्योंकि आने वाले दिनों में रिचार्ज शॉफ्ट की प्रक्रिया शुरु करने वाले हैं। अपने-अपने क्षेत्रों के कुएं-बावड़ियों की जानकारी साझा करें, जिससे हमारी जल संरचनाओं, हमारी धरोहरों का बेहतर रखरखाव और व्यवस्था हो सके। यदि हम बेहतर जल प्रबंधन करते हैं तो यह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रकृति का अनमोल उपहार होगा। आकाश विजयवर्गीय ने जल संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले जनप्रतिनिधियों को सम्मानित करने की बात कही। गौरतलब है आकाश विजयवर्गीय ने क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली थी और क्षेत्र में बढ़ती जनसंख्या के हिसाब से भविष्य की योजना बनाने की बात कही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने बैठक बुलाने के लिए आकाश विजयवर्गीय का आभार व्यक्त किया।

20वीं यूसीमास स्टेट लेवल कॉम्पिटिशन का आयोजन 25 अप्रैल को

इन्दौर। यूसीमास मध्यप्रदेश की 20वीं स्टेट लेवल अबेकस एंड मेंटल अरिथमेटिक कॉम्पिटिशन का आयोजन दिनांक 25 अप्रैल को रेस कोर्स, इन्दौर स्थित बास्केटबॉल कॉम्पलेक्स में होगा। वर्ष दर वर्ष इस विराट प्रतियोगिता में बच्चो की संख्या बढ़ती ही जा रही है जिसका एकमात्र कारण है यूसीमास कोर्स जिसे करने के पश्चात विद्यार्थी के मन से गणित का भय तो खत्म होता ही है, वरन दूसरे विषयों में भी एकाग्रता एवं रुचि बढती है, जिससे वह अव्वल स्थान प्राप्त कर सकता है।

यूसीमास मध्य प्रदेश के डायरेक्टर श्री नीरज गोयल ने बताया हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बच्चो की गणित के सवालों को हल करने की स्पीड एवं एक्यूरेसी जांच व मानसिक विकास की जांच हेतु आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों को प्रादेशिक स्तर पर प्रतीस्पर्धा का अवसर मिलता है व अपना कौशल प्रमाणित करने का मोका मिलता है । प्रतियोगिता प्रारूप में बच्चो को 8 मिनट में 200 गणितीय प्रश्न हल करने होंगे। प्रतियोगिता सुबह 7 बजे से प्रारंभ होकर के सायं 4 बजे तक विभिन्न चरणों में संपन्न होगी। यूसीमास की विश्वसनीयता इसी बात से लगायी जा सकती है, कि इस बार प्रतियोगिता के 5 हजार प्रतिभागी, 14 से 15 हजार तक पेरेंट्स, 500 से अधिक टीचर्स और 200 वॉलेंटीयर्स साक्षी बनेंगे। प्रतियोगिता के साथ-साथ ही विद्यार्थियों द्वारा हल की गयी शीट्स की चेकिंग की जाएगी एवं इसके पश्चात रिजल्ट भी रात 11 बजे घोषित कर दिया गया। बच्चो के अभिभावकों को यूसीमास वेबसाईट के द्वारा रिजल्ट घोषित किया जाएगा। 27 अप्रैल को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन रवीन्द्र नाट्य गृह, इंदौर में होगा जिसमे प्रत्येक लेवल में एक चेम्पियन और 5 फस्ट रनर-अप्स तथा 3 मोड्यूल चौम्पियन, और चेम्पियन ऑफ चेम्पियन को पुरस्कृत किया जायेगा ।

कॉग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए वोट बैंक बनाकर अल्पसंख्यक समाज का शोषण किया : उषा ठाकुर

इंदौर । वक़्फ सुधार जनजागरण अभियान को लेकर आज भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिला इंदौर की कार्यशाला विधायक उषा ठाकुर, जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपालसिंह चौधरी, पूर्व विधायक विशाल पटेल, महामंत्री सुनील तिवारी, अशोक यादव, रामविलास पटेल, शाकिर शेख की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए विधायक उषा ठाकुर ने कहा वक़्फ सुधार जनजागरण राष्ट्रहित का कार्य है, कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेदारी संगठन ने इस अभियान के लिए दी है, हम सब इस कार्य को ईमानदारी से पूरा करेंगे तो मानकार चलें कि हमने राष्ट्रीयता के लिए राष्ट्र के हित के लिए कार्य किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता गांव गांव जाए और बिल पर चर्चा करें, उनकी जो भ्रांतियां है उन्हें दूर करने का प्रयास करे। उन्हें बताये कि यह बिल आपकी भलाई के लिए है। अल्पसंख्यक समाज में अधिकतर भाई-बहन अशिक्षित है, ना समझी के कारण बिल का विरोध कर रहे हैं, इसलिए कार्यकर्ता अल्पसंख्यक बस्तियों, बूथों पर जाकर उनसे बात करके उनकी भ्रांतियों को दूर करें। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी निजी स्वार्थ के लिए राजनीति नहीं की, लेकिन कॉग्रेस ने वोट बैंक के स्वार्थ के चलते अल्पसंख्यक समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक और विकास से दूर रखा, कॉग्रेस ने उन्हें हमेशा अपना वोट बैंक समझकर शोषण किया है। कार्यशाला को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोपाल सिंह चौधरी, अल्पसंख्याक मोर्चा नेता सलाम मेहर, रामस्वरूप गहलोत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता कय्युम भाई टेलर, कैलाश चौधरी, प्रेमसिंह ढाबली, रीना सतीश मालवीय, जिला उपाध्यक्ष रामस्वरूप गहलोत, मुकेश चौहान, विष्णुप्रसाद शुक्ला, संतोष पाटीदार, सुभाष पाटीदार, माखन गोखले, अनुराधा जोशी, हेमचंद्र मित्तल, वरुण पाल, मुकेश जरिया, राजेश शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण सूर्यवंशी, मुकेश पटेल, जय कोहली सहित मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि, युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित थे।

पीथमपुर में गर्मी से निपटने को जल संरक्षण की पहल, 50 से अधिक जलस्रोतों का हुआ चयन

पीथमपुर। बढ़ती गर्मी और जल संकट की आशंकाओं के बीच पीथमपुर नगर पालिका ने जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत जल स्रोतों के पास रिचार्ज पिट्स बनाने की व्यापक मुहिम शुरू कर दी है। इस अभियान का उद्देश्य भूजल स्तर को सुधारना और वर्षा जल को व्यर्थ बहने से रोकना है।

नगर पालिका की मुख्य अधिकारी निशिका शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 50 से अधिक जलस्रोतों का चयन किया गया है। इन स्थानों पर विशेष वाटर रिचार्ज सिस्टम स्थापित किए जा रहे हैं, जो बारिश के पानी को फिल्टर कर सीधे जमीन में पहुंचाएंगे। इससे क्षेत्र के भूजल स्तर में बेहतरी होगी और जल संकट की स्थिति से राहत मिलेगी।

सभी हैंडपंपों और नलकूपों के पास बन रहे विशेष रिचार्ज सिस्टम

जल कार्य प्रभारी इंजीनियर नितिन वर्मा ने बताया कि नगर के सभी हैंडपंपों और नलकूपों के पास 5 से 7 फीट गहरे गड्ढे खोदकर उसमें ईंट के टुकड़े, मिट्टी और रेत भरकर रिचार्ज पिट्स तैयार किए जा रहे हैं। इन गड्ढों के माध्यम से बारिश का पानी सीधे धरती की सतह में समाहित होगा। मुख्य अधिकारी शुक्ला ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने घरों, खेतों और उद्योग परिसरों में भी इस तरह के वाटर रिचार्ज सिस्टम बनवाएं। यह सामूहिक प्रयास न केवल जल स्तर को बढ़ाएगा, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण का मजबूत आधार भी बनेगा।

जल संकट से लड़ने की तैयारी

गर्मी में हर साल पीथमपुर क्षेत्र को जल संकट का सामना करना पड़ता है। लेकिन इस बार नगर पालिका ने पहले ही व्यापक तैयारी करते हुए जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्भरण की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। स्थानीय लोग भी इस पहल की सराहना कर रहे हैं।

बच्चों में खतरनाक स्थिति में पहुंची 'शुगर'

स्कूलों में गठित होंगे बोर्ड, राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग ने की सिफारिश

इंदौर। भारत में मधुमेह (शुगर) की बीमारी खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है। अभी तक यह बीमारी बड़ों में देखने को मिलती थी, लेकिन अब स्कूली बच्चों को भी मुधमेह अपना शिकार बना रही है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सिफारिश पर लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों में शुगर बोर्ड गठित करने के निर्देश दिए हैं। बोर्ड का उद्देश्य बच्चों को चीनी के सेवन से होने वाले खतरों से अवगत कराएगा।

लोक शिक्षण संचालनालय के अपर संचालक रवीन्द्र कुमार सिंह ने बाल संरक्षण आयोग की सिफारिश के आधार पर निर्देश पत्र में कहा है कि पिछले एक दशक में बच्चों में टाइप-2 मधुमेह के मामलों में भयंकर बढेत्तरी हुई है। इसके लिए अधिक मात्रा में चीनी का सेवन जिम्मेदार है। जो स्कूल और आसपास दुकानों पर उपलब्ध मीठे स्नैक्स, पेय पदार्थ और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के उपयोग से होता है। पत्र में चेताया है कि चीनी के ज्यादा सेवन ने सिर्फ मधुमेह ही नहीं होता है, बल्कि मोटापा, दांतों, पाचन से संबंधित समस्या भी होती हैं।

स्कूल एवं आसपास जंक फूड होंगे प्रतिबंधित-स्कूलों में शुगर बोर्ड गठित होने के बाद बोर्ड की यह जिम्मेदारी रहेगी कि स्कूलों की कैंटीन में अत्यधिक चीनी वाले खाद्य एवं पदार्थ, जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक्स आदि प्रतिबंधित होंगे। साथ ही छात्रों के स्कूल भोज में भी ये प्रतिबंधित श्रेणी में रहेंगे। इसके लिए स्कूलों में कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। जिसमें परिजनों की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

आईएएस, आईपीएस, आईएफएस को मिलेगा 55 प्रतिशत भत्ता

मप्र के साढ़े सात लाख कर्मचारी, अधिकारी फिर 5 प्रतिशत कम महंगाई भत्ता पाएंगे

भोपाल (ई)। एमपी में पदस्थ आईएएस, आईपीएस, आईएफएस और राज्य में प्रतिनियुक्त पर सेवा देने वाले कर्मचारियों को अब 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। इसके बाद एमपी के कर्मचारी और अधिकारी एक बार फिर महंगाई भत्ते में केंद्र सरकार के अधिकारियों, कर्मचारियों से 5 प्रतिशत पीछे हो गए हैं। पिछले माह यह अंतर तीन प्रतिशत था जो इस माह केंद्र सरकार द्वारा बढ़ाए गए 2 प्रतिशत भत्ते के चलते बढ़कर पांच प्रतिशत हो गया है। एमपी के कर्मचारियों और अधिकारियों को पहले ही जुलाई 2024 से तीन प्रतिशत कम भत्ता मिल रहा था और अब केंद्र के कर्मचारियों को जनवरी 2025 से मिलने वाले 2 प्रतिशत भत्ते के कारण वे और पीछे रह गए हैं। राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा पिछले सप्ताह जारी आदेश में सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, राजस्व मंडल ग्वालियर, सभी संभागायुक्त और कलेक्टरों को दिए निर्देश में कहा है कि अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों और कर्मचारियों को एक जनवरी 2025 से पुनरीक्षित दर पर महंगाई भत्ता दिया जाएगा।

केंद्र सरकार के कर्मचारियों को भारत सरकार द्वारा 2 अप्रेल 2025 को जारी आदेश में एक जनवरी 2025 से महंगाई भत्ता मंजूर किया गया है। इसके बाद केंद्र के कर्मचारियों और अधिकारियों को अब एक जनवरी 2025 से मूल वेतन के 53 प्रतिशत के बजाय दो प्रतिशत अधिक यानी 55 प्रतिशत प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाएगा। इसी के आधार पर राज्य सरकार के वित्त विभाग ने भी 17 अप्रेल को केंद्र के कर्मचारियों और अधिकारियों को एक जनवरी 2025 से 53 की बजाय 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने का आदेश जारी किया है। राज्य सरकार यह भुगतान नकद करेगी। मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी का कहना है कि एमपी के कर्मचारियों को अभी 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है जबकि केंद्र के कर्मचारी 55 प्रतिशत भत्ता पा रहे हैं। इस तरह राज्य के कर्मचारी 5 प्रतिशत पीछे हैं। राज्य सरकार के कर्मचारियों को 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता 1 जुलाई 2024 से कम मिल रहा था और अब केंद्र द्वारा एक जनवरी 2025 से यह राशि दो प्रतिशत बढ़ा दी, तो राज्य का कर्मचारी अधिकारी पांच प्रतिशत महंगाई भत्ता कम पा रहा है। पहले एमपी के कर्मचारियों को 46 प्रतिशत ही महंगाई भत्ता मिल रहा था जिसे मार्च 2025 में राज्य सरकार ने चार प्रतिशत बढ़ाकर 50 प्रतिशत किया था।

निजी विद्यालयों से सभी मापदण्डों का पालन कराएं- कलेक्टर

शिक्षा विभाग के कार्यो की कलेक्टर ने समीक्षा की

शाजापुर। जिले में संचालित सभी निजी विद्यालयों से शासन द्वारा निर्धारित सभी मापदण्डों का पालन कराएं। मापदण्डों का पालन नही करने वाले विद्यालयों के विरूद्ध कार्रवाई करें। उक्त निर्देश कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने आज शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा के दौरान दिए। कलेक्टर सुश्री बाफना ने डीपीसी एवं बीआरसी को निर्देश दिए कि वे सभी विद्यालयों का सूक्ष्मता के साथ निरीक्षण करें, जो विद्यालय मापदण्ड पूरे नहीं कर रहे हैं, ऐसे विद्यालयों के विरूद्ध कार्रवाई करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कोई भी निजी विद्यालय शासन की नीति के अनुसार 10 प्रतिशत से अधिक शुल्क में वृद्धि नहीं करें। कलेक्टर ने मोहन बड़ोदिया के बीआरसी का प्रभार शाजापुर बीआरसी को अतिरिक्त रूप से सौंपने एवं बिना अनुमति के बीआरसी का प्रभार बीएसी को देने पर कलेक्टर ने डीपीसी को कारण बताओं सूचना पत्र देने के भी निर्देश दिए। बैठक में सीएम राइज विद्यालयों के निर्माण

की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने विद्यालयों के आसपास की शासकीय भूमि को छात्रावास एवं अन्य निर्माण कार्यो के लिए सुरक्षित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम राईज विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए सीएम राईज विद्यालय के 03 से 05 किलोमीटर परिधि के शासकीय विद्यालयों के बच्चों को प्रवेश देने की कार्यवाही करने के लिए कहा। बैठक में कलेक्टर ने अपार आईडी क्रियेशन में आने वाली समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। स्वीकृत एवं प्रगतिरत निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए सभी विद्यालयों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने, स्मार्ट क्लास के लिए प्राप्त हुए इन्ट्रेक्टिव पेनल को संबंधित विद्यालयों एवं छात्रावासों में देने के निर्देश दिए और इनका समुचित उपयोग भी करने के लिए कलेक्टर ने कहा। कलेक्टर ने विद्यालयों में अतिरिक्त भवन एवं अन्य संसाधनों की आवश्यकता के संबंध में प्रस्ताव देने के लिए कहा। विद्युत एवं पेयजल की व्यवस्था के लिए 106 विद्यालयों को प्रदाय राशि के उपयोग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विद्यालयों में लड़कियों के लिए टायलेट निर्माण एवं नियमित सफाई की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस मौके पर एफएलएन कार्य की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी शिक्षकों से शिक्षक संदर्शिका के अनुसार अध्यापन कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अंग्रेजी विषय के सभी शिक्षकों को सिखाने की कला में परिवर्तन लाने के लिए कहा। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर सुश्री नेहा गंगारे, जिला? शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे, डीपीसी श्री अनुराग पाण्डेय, सहायक संचालक शिक्षा सर्व श्री राजेन्द्र शिप्रे व श्री पुष्पेन्द्र सिंह सस्त्या सहित खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं अन्य शासकीय सेवक उपस्थित थे।

जल गंगा जल संवर्धन अंतर्गत जिला स्तरीय आयोजन में प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर विद्यार्थियों ने दिया जल संरक्षण का संदेश

शाजापुर। जन सामान्य में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में जल गंगा जल संवर्धन अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए विद्यालय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं संपन्न की गई।

वहीं गत दिनों शाला स्तर से चयनित विद्यार्थियों के विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता संपन्न हुई। विकासखंड स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिता में चयनित 38 विद्यार्थियों ने आज गुरुवार को शाजापुर बस स्टेंड स्थित जिला स्तरीय सरदार वल्लभ भाई पटेल सांदीपनि उमावि शाजापुर में मेहंदी, रंगोली, भाषण, निबंध, कविता, चित्रकला प्रतियोगिताओं में सहभागिता की।

गुरुवार को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.विवेक दुबे की अध्यक्षता में जिला नोडल अधिकारी श्री दीपक शर्मा के समन्वयन में संपन्न हुई। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों स्वागत प्राचार्य श्रीमती सविता सोनी ने किया। निबंध प्रतियोगिता में खुशी चंद्रवंशी, सोनम सौराष्ट्रीय, चित्रकला में पवन जाटव, जाकिया, रंगोली में दीपिका रजक, स्वाति मालवीय, कविता में शिवराजसिंह,रणवीरसिंह,मेहंदी में शिवानी मेवाड़ा,ज्योति प्रजापति,भाषण प्रतियोगिता में शिवानी सौंधिया,पूर्ति सिसोदिया जिला स्तर पर चयनित हुये। आयोजन में निर्णायकगण सहित 75 से अधिक विद्यार्थी एवं शिक्षक शामिल हुये। आभार प्रदर्शन जनशिक्षक लोकेश राठौर ने किया।

विश्व कीर्तिमान से सम्मानित हुए प्रबोध मिश्र हितैषी

बड़वानी। गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित संस्था इंदौर साहित्य सागर संस्था के वरिष्ठ साहित्यकार प्रबोध मिश्र हितैषी को लगातार 9वर्षों से बसंत पंचमी पर आयोजित होने वाली सरस्वती पालकी यात्रा में प्रतिभागिता के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड का प्रमाण-पत्र देकर संस्था के अध्यक्ष रमेश शर्मा स्वतंत्र द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही श्री हितैषी के साहित्य कर्म की श्रीवृद्धि की कामना की। इस निमित्त अभासा परिषद बड़वानी के अध्यक्ष राजीव वर्मा, विवेक श्रोत्रिय, रमेश सराफ और सुनीता शुक्ला ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पुलिस अधीक्षक के निर्देषन में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

बड़वानी। पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार, एसपी जगदीश डावर के निर्देशन एवं महिला सेल डीएसपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में साइबर जागरूकता, महिला सुरक्षा, सृजन अभियान, यातायात जागरूकता का संयुक्त कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें साइबर एक्सपर्ट रितेश खत्री ने बताया कि अपनी निजी जानकारी कभी भी किसी से शेयर न करें। साथ ही डिजिटल अरेस्ट क्या होता है, इससे किस प्रकार बचा जाता है। इस विषय पर भी विस्तार से जानकारी दी। एपीके फाईल से होने वाले अपराध के सम्बंध में छात्रों को जागरूक किया। किसी भी लालच में आकर कभी भी किसी भी लिंक पर क्लिक न करें। वहीं कार्यक्रम के दौरान महिला सेल डीएसपी महेश सुनैया ने बालिकाओं को कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य निलेश पाटीदार, एसआई रेखा यादव, काउंसलर अनिता चोयल, शिक्षक, छात्र और छात्राएं उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री श्री कुशवाह 25 अप्रैल को शाजापुर के भ्रमण पर रहेंगे

शाजापुर। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री तथा जिला प्रभारी श्री नारायन सिंह कुशवाह 25 अप्रैल 2025 को शाजापुर जिले के भ्रमण पर रहेंगे। दौरा कार्यक्रम अनुसार प्रभारी मंत्री श्री कुशवाह 25 अप्रैल 2025 को प्रातः 8.30 बजे भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 11.00 बजे शाजापुर जिले की जनपद पंचायत मो.बड़ोदिया के ग्राम कुम्हारियाखास स्थित मनकामनेश्वर मंदिर प्रांगण में हो रहे विशाल आदर्श भिलाला समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में सम्मिलित होगे। इसके उपरांत वे दोपहर 12.00 बजे तहसील मोहन बडोदिया अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अंतर्गत चल रहे कार्यों का अवलोकन करेंगे। दोपहर 01.15 बजे सर्किट हाउस शाजापुर आएंगे। दोपहर 3.00 बजे कलेक्ट्रेट सभागृह शाजापुर में जल गंगा संवर्धन अभियान एवं विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में समीक्षा करेंगे। शाम 07.30 बजे ग्राम बमोरी शाजापुर ग्रामीण में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के अन्तर्गत गोष्ठी एवं चर्चा करेंगे। इसके पश्चात मंत्री श्री कुशवाह रात्रि 08.30 बजे शाजापुर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर ईनाम घोषित

शाजापुर। जिला पुलिस अधीक्षक श्री यशपालसिंह राजपूत ने थाना बेरछा में अपराध क्रमांक 89/2025 में पंजीबद्ध फरार आरोपी दाउद उर्फ इब्राहिम पिता इस्माईल खां निवासी ग्राम चोसला की गिरफ्तारी के लिए 2 हजार रूपये के नगद ईनाम की घोषणा की है। इसी प्रकार थाना बेरछा में अपराध क्रमांक 90/2025 में पंजीबद्ध अपहृता एवं अज्ञात आरोपी की पतारसी के लिए 5 हजार रूपये का नगद ईनाम घोषित किया है। सूचना देने वाले का नाम चाहने पर सर्वथा गोपनीय रखा जायेगा।

डाबर ग्लुकोज़ ने लॉन्च किया एनर्जाइज़ इंडिया कैंपेन

इंदौर – डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लुकोज़ ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन ‘एनर्जाइज़ इंडिया’ का लॉन्च किया है।इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लुकोज़ ने इंदौर की सेंट्रल जिमखाना क्लब में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया।इस अवसर पर प्रियंका कौशल, वरिष्ठ क्रिकेटर जाने–माने डॉक्टर और मुख्य कोच अकादमी अभिषेक पंचोली , चेतन मंडोवरा, कोच , अंकित कश्यप,कोच भी मौजूद रहे।डाबर इंडिया लिमिटेड के सीएसआर प्रमुख श्री ब्यास आनंद ने कहा – हमें खुशी है कि युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए हम ‘एनर्जाइज़ इंडिया’ कैंपेन लेकर आए हैं। इस अवसर पर प्रियंका कौशल, वरिष्ठ क्रिकेटर एनर्जी सैशन के दौरान युवा एथलीट्स को बताया गया कि खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने के लिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत ज़रूरी है।

यूपीएससी में 592वीं रैंक प्राप्त

बड़वानी। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 23 अप्रैल को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा 2024 में 592वीं रैंक प्राप्त करने वाले अमर बघेल को पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

अमर बघेल जिला धार के ग्राम सिदड़ी के निवासी हैं, उन्होंने कड़े परिश्रम, निरंतर प्रयास एवं अटूट आत्मविश्वास के साथ यह उपलब्धि हासिल की है। उनके पिता रूमालसिंह बघेल सिंचाई विभाग में क्लर्क के पद पर पदस्थ हैं।

जबकि माता एक साधारण गृहिणी हैं। अमर ने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई बड़वानी से व स्नातक शिक्षा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर से पूर्ण की और वर्तमान में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में प्रवर्तन अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

परीक्षा में श्री बघेल का पांचवां प्रयास था, जिसमें उन्होंने अथक परिश्रम और धैर्य के साथ सफलता प्राप्त की।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें शाल, श्रीफल व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

पुलिस अधीक्षक श्री डावर ने कहा कि अमर बघेल की यह सफलता न केवल उनके परिवार और गांव के लिए, बल्कि सम्पूर्ण जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। यह दर्शाता है कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को दे रहे प्रशिक्षण

बड़वानी। शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू किया जाना है। जिले में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर गुंचा सनोबर के निर्देशानुसार जिला स्तर पर स्थित कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को कलेक्टोरेट में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया। ई-गवर्नेंस के ई दक्ष केंद्र प्रशिक्षक अक्षय सोनी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को ई-ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न प्लेटफार्म के कार्यों तथा उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

ईनामी आरोपी बैंक मैनेजर आरके झा को उज्जैन से किया गिरफ्तार

फर्जी बैंक खाता खोलकर धोखाधड़ी करने का मामला

बड़वानी। थाना सेंधवा शहर पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए फर्जी बैंक खाता खोलकर धोखाधड़ी करने वाले एवं 2000 के ईनामी आरोपी तत्कालीन बैंक मैनेजर आरके झा को उज्जैन से गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर पुलिस रिमांड लिया गया है, ताकि प्रकरण के अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी एवं गहन पुछताछ की जा सके।

प्रारंभ में कोतवाली जिला खरगोन में विदेश में निवासरत एक महिला फरियादिया द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिसमें बताया कि यूको बैंक सेंधवा में उसके नाम से फर्जी खाता खोलकर धोखाधड़ी से रुपए निकाले गए।

जांच में यह तथ्य सामने आया कि अनंत तायल, उसकी पत्नी नमिता तायल, उनके मुनीम रेहमान अली एवं तत्कालीन बैंक मैनेजर आरके झा की मिलीभगत

से उक्त फर्जी खाता खोला गया था और अवैध रूप से रकम निकाली गई। थाना सेंधवा शहर में अपराध प्रकरण दर्ज किया गया।

पुलिस अधीक्षक जगदीश डावर के निर्देशन एवं एसडीओपी सेंधवा अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई।

जिसने तकनीकी एवं मैनुअल स्त्रोतों से जानकारी संकलित कर आरोपी आरके झा को उज्जैन से गिरफ्तार किया। अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुछताछ की जा रही है।

साथ ही उनकी चल-अचल संपत्तियों की जानकारी एकत्रित कर कुर्की की कार्रवाई न्यायालय में प्रचलन में है।

फरार आरोपियों की गिरफ्तारी या सूचना देने वाले को 2000 रूपए के ईनाम की घोषणा की गई है।

वहीं सूचना देने वाले का नाम सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा।

जैन सोश्यल ग्रुप रतलाम एलीट का द्वितीय पद ग्रहण समारोह 25 अप्रैल को, मध्य प्रदेश शासन उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा रहेंगे उपस्थित

रतलाम। जैन सोश्यल ग्रुप रतलाम एलीट का द्वितीय शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 25 अप्रैल शुक्रवार को आयोजित होने जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन उपमुख्य मंत्री जगदीश देवड़ा के मुख्य आतिथ्य, पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के विशेष आतिथ्य एवं मध्य प्रदेश रीजन के वरिष्ठ छुस्त्रढ्रुस्न प्रेसिडेंट इलेक्ट मनीष कोठारी एवं जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ ही आदि के आतिथ्य में बरबड़ रोड स्थित अमृत गार्डन पर आयोजन संपन्न होगा। ग्रुप के संस्थापक एवं पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ डांगी ने बताया कि जैन सोश्यल ग्रुप रतलाम एलीट विगत दो वर्षों से अपने ऊर्जावान युवाओ के इस संगठन से रत्नपुरी एवं मध्यप्रदेश रीजन में अपने सेवा कार्यो के माध्यम से सभी के दिलों पर छाया हुआ है और इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए 2025-2027 के अध्यक्ष पद पर पुनीत चोरडिया, सचिवद्धय पद पर प्रक्षाल सेठ एवं पुनीत गादिया के साथ ही उपाध्यक्ष पद पर अर्पित जैन एवं प्रतीक गांधी, कोषाध्यक्ष पद पर मोहिल चोपड़ा एवं गौरव दख, प्रचार सचिव पद पर समग्र जैन, संगठन सचिव पद पर ध्रुव चोपड़ा, पी.आर.ओ पद पर हर्षवर्धन मूणत एवं मोहित खिमेसरा के साथ 17 सदस्य कार्यकारिणी का गठन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जगदीश देवड़ा (उपमुख्यमंत्री, म .प्र शासन), विशेष अतिथि के रूप में हिम्मत कोठारी (पूर्व ग्रहमंत्री , म.प्र शासन) एवं शपथ अधिकारी के रूप में म.प्र रीजन राहुल चपड़ोद एवं युवा समाजसेवी भरत चोरडिया, म.प्र रीजन पदाधिकारी हेमंत जैन,जयंतीलाल फाँफ़रिया, दीपेंद्र कोठारी, प्रीतेश गादिया, अश्विन मेहता, ललित कांठेड़, अमित कोठारी , जयंतीलाल डांगी के साथ समाज के कई गणमान्य उपस्थित होंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष सिद्धार्थ डांगी, पूर्व सचिव अर्पित जैन, मोहित खमेसरा एवं पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयांश सकलेचा, प्रियांश जैन, पूर्व कोषाध्यक्ष पुनीत गादिया, सौरभ मेहता, पूर्व संगठन सचिव मोहिल चोपड़ा पूर्व पी.आर.ओ समग्र जैन, हर्षवर्धन मूणत आदि ने शपथ ग्रहण के इस आयोजन पर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दीवार लेखन व जल सरोवर की सफाई

रतलाम। मप्र जनअभियान परिषद् विकासखण्ड जावरा के अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू की छात्राओं ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सराहनीय कार्य किया। छात्राओं ने स्थानीय जल स्रोत (जल सरोवर) की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया और आम जनमानस में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से दीवार लेखन के माध्यम से जल संरक्षण का महत्व बताया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को जल स्रोतों की स्वच्छता व संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

जिले के सभी अनुभाग के थानों में किया गया गुंडा परेड का आयोजन

रतलाम। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारियो एवं थाना प्रभारियों को थाने के गुंडा रजिस्टर में अंकित व्यक्तियों की गुंडा परेड करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में 22 से 24 अप्रैल तक जिले के सभी अनुभाग के थानो पर गुंडा रजिस्टर में दर्ज गुंडों को थाने पर बुलाकर गुंडा परेड कराई गई। गुंडा परेड के दौरान अनुविभागीय अधिकारियो एवं थाना प्रभारियों द्वारा थाने के गुंडा रजिस्टर में दर्ज गुंडे, हिस्ट्रीशीटर, किसी भी अवैधानिक गतिविधियों का हिस्सा नहीं बनने की समझाइश देकर रुकसत किया। तीन दिनों में जिले के रतलाम शहर अनुभाग के चारो थानो पर नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में कुल 39 गुंडों, हिस्ट्रीशीटर, बदमाशों की परेड करवाई गई। रतलाम ग्रामीण अनुभाग में एसडीओपी किशोर पटनवाला के मार्गदर्शन में कुल 30 गुंडों, हिस्ट्रीशीटर, बदमाशों की परेड करवाई गई तथा डोजियर फॉर्म भरवाए। जावरा शहर अनुभाग के थानो पर सीएसपी श्री दुर्गेश आर्मो के मार्गदर्शन में कुल 91 गुंडों, हिस्ट्रीशीटर, बदमाशों की परेड करवाई। जावरा ग्रामीण अनुभाग के सभी थानों पर एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में कुल 35 गुंडों, हिस्ट्रीशीटर, बदमाशों की परेड करवाई गई। आलोट अनुभाग के सभी थानो पर एसडीओपी आलोट सुश्री शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन में कुल 36 गुंडों, हिस्ट्रीशीटर, बदमाशों की परेड करवाई तथा सैलाना अनुभाग के सभी थानों पर एसडीओपी सैलाना सुश्री नीलम बघेल के मार्गदर्शन में कुल 57 गुंडों, हिस्ट्रीशीटर, बदमाशों की परेड करवाई गई। तीन दिवस में जिले के सभी 6 अनुभाग के थानो पर कुल 273 गुंडों, हिस्ट्रीशीटर, बदमाशों की गुंडा परेड करवाई गई। आगामी दिनों में शेष बचे अन्य गुंडो की भी गुंडा परेड कराई जाएगी।

जेआरआई रेल्वे क्रिकेट एकेडमी के वैदित्य सिंह देवड़ा राष्ट्रीय स्तर पर करेंगे रतलाम का नाम रोशन

रतलाम। वैदित्य का चयन यू-14 मध्य प्रदेश क्रिकेट की टिम के लिए हुआ है, वे 20 अप्रैल से 5 मई तक देहरादून मैं होने वाली सेंट्रल ज़ोन राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हे, वैदित्य तेज गेंदबाजी के साथ साथ अच्छी बल्लेबाजी भी करते हैं। वैदित्य के चयन से ये जाहिर है की राकेश ठाकुर (रणजी ट्रॉफी), शोएब ख़ान (अंतर्राष्ट्रीय, टी/20 वर्ल्ड कप), एवं आशुतोष शर्मा के बाद जेआरआई ये सिलसिला लगातार जारी रहेगा। वैदित्य इसका श्रेय अपने कोच लोकपाल सिंह सिसोदिया एवं माता पिता के सपोर्ट तथा रेल्वे द्वारा उपलब्ध सुविधाओं के साथ अपनी लगातार मेहनत को देते है। वैदित्य के पिता रणजीत सिंह कपड़ा व्यवसायी है, तथा न्यू ग्लोबस सिटी मैं निवासरत है। उनके चयन पर रतलाम जिला क्रिकेट संघ के कीर्ति शरण सिंह कालूखेड़ा, निमिष व्यास, प्रदीप उपाध्याय, जोस चाको, गौरव अजमेरा, भगत सिंह भदौरिया अनुज शर्मा, कीर्ति जायसवाल, शैलेंद्र सिंह अठाना, दिनेश शर्मा, रविन्द्र प्रताप सिंह एवं जेआरआई के समस्त सदस्यों आदि ने हर्ष व्यक्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

भव्य शोभायात्रा के साथ आज से

सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित

रतलाम।

श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट रतलाम द्वारा पं. श्री रामचन्द्र जी डोंगरे महाराज की प्रतिमा अनावरण एवं पूज्य गुरूदेव श्री उत्तम स्वामीजी महाराज के मुखारविन्द से सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन दिनांक 24 अप्रैल से 30 अप्रैल त्रिवेणी तट स्थल पर किया जा रहा है।

जिसके अन्तर्गत आज 24 अप्रैल को एक भव्य शोभायात्रा श्री गोपाल जी का बड़ा मंदिर माणक चौक से निकाली गई जो कि विभिन्न स्थानों से होती हुई त्रिवेणी स्थित कथा स्थल पर पहुंची । शोभायात्रा के प्रारम्भ में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रह थी उसके बाद विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के सदस्यगण सुमधुर भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। इसके पश्चात रथ में कथा के यजमान श्रीमती हीरादेवी ओमप्रकाश जी सोनी पोथी के साथ चल रहे थे। बाद में बग्गीयों में देवस्वरूपानंद जी अखंड ज्ञान आश्रम एवं सुजापुरा के स्वामी शिवानंदजी बग्गी में विराजमान थे। इनके पीछे पूज्य गुरूदेव श्री उत्तम स्वामी जी में बग्गी में शोभायात्रा में साथ चल रहे थे। साथ ही परम पूज्य पंडित रामचन्द्र जी डोंगरे महाराज की प्रतिमा जिसको भक्तगण चंवर ढुलाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर श्री गोपाल मंदिर ट्रस्ट घांस बाजार, गुजराती दर्जी समाज चौमुखीपुल, उत्तम ज्वैलर्स, जे.के. ज्वैलर्स, आदर्श व्यायाम शाला, चांदनी चौक युवा मंच, सर्राफा एसोसिएशन, हनुमान भक्त मंडल, मदन सोनी मित्र मडंल, जगदीश पहलवान मित्र मंडल, पोरवाल समाज रणछोड़राय मंदिर अखिल भारतीय रामायण मेला समिति, राजपूत समाज गढ़कैलाश सेवा समिति, संजय चौधरी मित्र मंडल आदि द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

शोभायात्रा के कथास्थल पर पहुंचने पर पूज्य गुरूदेव श्री उत्तम स्वामी जी का महाराज के सानिध्य में मुख्य यजमान श्रीमती हीरादेवी ओमप्रकाश सोनी द्वारा पोथी पूजन किया गया । आज कथा के प्रथम दिन पूज्य गुरूदेव ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए भक्तिज्ञान एवं भागवत कथा की महिमा का वर्णन किया। श्रीमद भागवत कथा का पुण्य परमात्मा की कृपा का परिणाम है। प्रेम का प्राकट्य नहीं करने का कारण पाप है उस पाप का नाश भागवत कथा है। परमात्मा का नाम आनंद है, परमात्मा का स्मरण करने वाला कभी दुखी नहीं हो सकता । दर्शनीय भाव जिसके पास है वह परमात्मा के निकट है। जिसका स्मरण करने मात्र से सभी दुखो का नाश होता है वहीं नारायण है। ईश्वर की भक्ति प्राप्त करने के लिए भागवत कथा का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ। नारायण की प्राप्ति का उत्तम उपाय श्रीमद् भागवत कथा है। इसका पठन पाठन ही वैकुंठ का फल है ।

आपने कहा कि ज्ञान भक्ति आपके हृदय में ही है और यही भक्ति है। नारायण की प्रतिष्ठा मंदिर से पहले आपके हृदय में है और उसकी प्रतिष्ठा है तो आपकी प्रतिष्ठा है। आपने कहा कि नारायण के चरणों में तपो तो संसार का तप नहीं लगेगा । नारायण का तप जीवन में सुख प्रदान करता है और संसार का तप दुख प्रदान करता है। अंत में आरती कर एवं प्रसादी वितरण कर प्रथम दिवस की कथा का समापन किया गया।

शोभायात्रा एवं श्रीमद् भागवत कथा में श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र शर्मा, अनिल झालानी, नवनीत सोनी, सत्यनारायण पालीवाल, मनोहर पोरवाल, प्रदीप उपाध्याय, श्रीमती मनीषा शर्मा, शैलेन्द्र डागा, झमक भरगट, मनोज शर्मा, हरिश सुरोलिया, जयेश सोनी, ब्रजेन्दनंदन मेहता, कोमलसिंह राठौड़, कन्हैयालाल मौर्य, झमक भरगट, चेतन शर्मा, बसंत पंड्या, राखी व्यास, आशा शर्मा, नीना निरंजनी, रत्ना पाल, हेमा निरंजनी एवं गुरूभक्त मंडल के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में धर्मलाभ लेने वाले श्रद्धालुजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन कैलाश व्यास ने किया।

विवाह के 19 वर्ष बाद गूंजी खुशियों की किलकारी

जिला चिकित्सालय में उपचार से मिला मातृत्व सुख

रतलाम।

कहा जाता है कि मातृत्व का सुख जीवन के सबसे बड़े सुखों में से एक है। सिविल सर्जन डॉ. एम.एस. सागर ने बताया कि जिला चिकित्सालय रतलाम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर प्रदायगी के चलते नि संतान दंपति को संतान सुख प्राप्त हुआ है।

मातृ एवं शिशु इकाई, जिला चिकित्सालय रतलाम में श्रीमती सुनीता बाई को 42 वर्ष की उम्र तथा 19 वर्ष के वैवाहिक जीवन के बाद संतान की प्राप्ति हुई है।

सुनीता व उनके पति आनंद सिंह 19 वर्ष से संतान न होने के कारण परेशान थे, सुनीता ने गर्भ धारण न होने के कारण कई जगह इलाज भी कराया किंतु उन्हें मातृत्व सुख नहीं मिला। अनन्त~ उन्होंने आईवीएफ का सहारा लिया। आईवीफ में अधिक खर्च हो जाने के कारण वे आर्थिक रूप से भी परेशान थे। फिर उनकी मुलाकात जिला चिकित्सालय में डॉक्टर सोनल ओहरी से हुई। डॉक्टर ओहरी ने सिविल सर्जन डॉक्टर सागर के मार्गदर्शन में मातृ एवं शिशु इकाई में उच्च गुणवत्तापूर्ण मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं एवं निऱ्शुल्क उपचार के बारे में बताया। डॉ. सोनल ओहरी के देखरेख में महिला का उपचार हुआ। गर्भधारण के पश्चात पूरे समय उनके स्वास्थ्य देखभाल एवं निगरानी की गई।

प्रसव का समय नजदीक आने पर उच्च जोखिम का केस होने से निश्चेतना विशेषज्ञ डॉक्टर चेतन पाटीदार से विचार विमर्श कर 19 अप्रैल को सीजेरियन ऑपरेशन द्वारा महिला का प्रसव कराया गया जिसमें उनको लड़का हुआ जिसका वजन 2.8 किलोग्राम था द्य ऑपरेशन निश्चेतना विशेषज्ञ, ओटी एवं लेबर रूम की नर्सेस टीम की मदद से सफल रहा। महिला को प्रसव पश्चात मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य चिकित्सा इकाई की हाई डिपेंडेंसी यूनिट में 5 दिवस तक नर्सिंग देखभाल में रखा गया। प्रसूता एवं नवजात पूर्णत~ स्वस्थ है। उक्त दंपत्ति द्वारा अस्पताल प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया एवं शासन की निऱ्शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रधानमंत्रीजी एवं मुख्यमंत्रीजी को धन्यवाद दिया।

कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने जलाया आतंकवाद का पुतला

रतलाम। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटको पर हुए आतंकी हमले के विरोध में रतलाम कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मेहमूद खान शेरानी व पूरी रतलाम कांग्रेस अल्पसंख्यक की टीम के दुवारा आतंकवाद का पुतला कोर्ट चौराहे पर दहन किया गया। पुतला दहन के पूर्व अंबेडकर सर्किल पर कांग्रेस जनों ने इकट्ठे होकर पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, नेता प्रतिपक्ष शांतिलाल वर्मा, उपनेता प्रतिपक्ष कमरू कछबाय, कांग्रेस वरिष्ठ नेत्री यास्मीन शेरानी, पूर्व विधायक पारस दादा, कार्यवाहक अध्यक्ष फैयाज मंसूरी, शैलेंद्र सिंह अठाना, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सैयद वुसत जैदी, पूर्व पार्षद राजीव रावत, ब्लॉक अध्यक्ष बसन्त पंड्या, शोहेल काजी, पूर्व पार्षद इक्का बेलूत, पार्षद सलीम बागवान, जानी भाई, सुजीत उपाध्यक्ष, शाकिर भाई, डॉक्टर मुस्तुफा, सुनील महावर, उपाध्यक्ष इकरार चौधरी, इशाक पठान, सुल्ताना बाजी, हिना शेख, अकरम फारूकी, मजावडिया वकील साहब, अब्दुल शेरानी, मजहर शेरानी, इमरान शेरानी, इस्माईल शेरानी, अकरम शेरानी, शाहिद प्रेम, पहलवान निसार शेरानी, अनीस मौलाना, आयन शेरानी, इब्राहिम शेरानी, मुकीम शेरानी, विजय पंड्या, फैय्याज अंसारी इशाक मास्टर साहब एडविन टोन नायडू, व सभी कांग्रेसजनों ने मिलकर जिला पंचायत के सामने आतंकवादी का पुतला दहन किया इसमें बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रेडक्रास राज्य स्तरीय प्रबंध समिति के पुनर्गठन एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन संबंधी कार्यक्रम की रुपरेखा

रतलाम। भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा के पदाधिकारियों के निर्वाचन संबंधी कार्यक्रम की रुपरेखा तय की जा चुकी है। कार्यक्रम अनुसार जिला शाखा की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन एवं दावा आपत्ति 22 अप्रैल से 5 मई दोपहर 3 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेगी। जिला शाखा में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 9 मई को, वार्षिक साधारण सभा, राज्य शाखा हेतु प्रतिनिधि के निर्वाचन की सूचना अनुसूची 2 (नियम 11) धारा 4 (क) (ख) (ग) के अन्तर्गत जारी करने की तिथि 13 मई, वार्शिक साधारण सभा/जिला शाखा में मतदान 2 जून, जिला शाखा की मतगणना 2 जून को होगी तथा इसी दिन मतगणना के तत्काल बाद परिणाम घोषित किया जाएगा। घोषित परिणाम की जानकारी 3 जून को राज्य मुख्यालय भेजी जाएगी। राज्य शाखा द्वारा प्रबंध समिति का गठन, पदाधिकारियों का निर्वाचन बैठक की सूचना प्रकाशन 9 जून को, राज्य शाखा की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 30 जून को किया जाएगा। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन पर दावा तथा आपत्ति 30 जून से 3 जुलाई दोपहर 3.00 बजे तक की जा सकेगी। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जुलाई को होगा। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की तिथि 8 एवं 9 जुलाई को दोपहर 3.00 बजे तक रहेगी। नाम वापसी की तिथि 14 जुलाई दोपहर 3.00 बजे तक रहेगी। 18 जुलाई को प्रात~ 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक मतदान किया जाएगा तथा इसी दिन दोपहर 1.00 बजे से मतगणना का कार्य प्रारम्भ होगा। मतगणना के तत्काल बाद निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी एवं निर्वाचन घोषणा के बाद निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी।

आशीर्वाद के बहाने साधुओं ने चांदी की चेन गायब की

दो दिन बाद वापस पहुंचने पर ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

रतलाम।

जिले के पिपलौदा थाना क्षेत्र के गांव धतुरिया में दो साधुओं ने एक किसान को आशीर्वाद देने के बहाने उसकी चांदी की चेन गायब कर दी। दो दिन बाद जब दोनों साधु फिर गांव में दिखे तो ग्रामीणों की मदद से उन्हें पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

पुलिस के अनुसार 21 अप्रैल को किसान दिनदयाल अपने खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान दो साधु वहां पहुंचे। बातचीत के दौरान किसान ने अपनी कुछ परेशानियां बताईं। साधुओं ने उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया और आशीर्वाद देने की बात कही। इस दौरान एक साधु ने किसान के गले में पहनी चांदी की चेन मांगी और उसे एक पुडिया में रखकर भभूत लगाकर वापस कर दी। साधुओं ने किसान को घर जाकर पुडिया खोलने को कहा।

दोबारा आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

जब किसान ने घर पहुंचकर पुडिया खोली तो उसमें केवल भभूत थी, चेन गायब थी। बुधवार को दोनों साधु फिर उसी क्षेत्र में दिखे। किसान ने उनसे चेन के बारे में पूछा तो साधुओं ने कहा कि चेन अब नहीं मिलेगी। इस पर किसान ने अपने पिता बाबूलाल और अन्य ग्रामीणों को बुला लिया। ग्रामीणों ने दोनों साधुओं को पकड़कर पुलिस को सूचना दी।

सुखेड़ा चौकी प्रभारी पंकज राजपूत ने बताया कि दोनों आरोपी राजस्थान के रहने वाले हैं। एक की पहचान गणेशनाथ पुत्र नागनाथ निवासी मोयणा राजसमंद के रूप में हुई है, जबकि दूसरा रामनाथ पुत्र भारतनाथ निवासी कोट भीलवाड़ा का रहने वाला है। दोनों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316(2) में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

श्री पीपा क्षत्रिय समाज का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया

रतलाम।

श्री पीपा क्षत्रिय समाज का वार्षिक स्नेह मिलन समारोह सैलाना रोड स्थित दयाल वाटिका में आयोजित किया गया।

स्नेह मिलन समारोह में मंदसौर से पधारे मुख्य अतिथि डॉ रमेश कनेसरिया गुरुदेव संत श्री पीपाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर स्नेह मिलन समारोह का शुभारंभ किया। देवास निवासी दिनेश परिहार और अरुणा परिहार भोजन प्रसादी के लाभार्थी थे। इंदौर से पधारे मुख्य अतिथियों का स्वागत रतलाम समाज के वरिष्ठ जनों द्वारा किया गया। इंदौर समाज अध्यक्ष आशीष गोयल एवं पदाधिकारी, प्रदीप राठौड़, दीपक परिहार, हितेश परिहार, विशाल पंवार, जितेंद्र पंवार, अनिल गोयल पधारे मुख्य अतिथियों का स्वागत रतलाम समाज के मनोज सोलंकी, प्रदीप पप्पू पंवार, सुरेंद्र चौहान, विक्रम सिंह , कमलेश जी, दलपत, नंदलाल, प्रदीप गोयल, भवानी सिंह राठौर, किशन पंवार आदि ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चो, महिलाओं, और युगल खेल से की गई। खेल में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। उसके उपरांत 75 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ जनों निशा चिमनसिंह, श्रीमती दग्गु, राधा बाई कनेसरिया देवास का स्वागत महिला मंडल द्वारा किया गया। प्रवीण्य सूची में आने पर एम बी बी एस डॉ सिद्धार्थ गोयल, नर्सिंग की निकिता पंवार, अनन्या भाटी, काव्य सोलंकी, नकुल गोयल, रिया गोयल, वीर सिंह चौहान और कई प्रतिभावान बच्चों का सम्मान प्रशस्ति पत्र देकर किया गया । शोभा यात्रा में विशेष योगदान देने वाले समाज के पुरुष और महिलाओं का अतिथियों द्वारा मंच पर सम्मान पत्र देकर अभिवादन किया गया। जयश्री राठौर एवं कु. मनस्वी चौहान ने शस्त्र कला का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया और समाज की सभी महिलाओं को शस्त्र प्रशिक्षण देने का बीड़ा भी उठाया। सभी समाज जन द्वारा कुशल नेतृत्व करने पर समाज अध्यक्ष रवि पंवार को भगवान श्रीनाथजी का चित्र देकर सम्मान किया।महिला मंडल अध्यक्षा निशा पंवार द्वारा महिलाओं के समाज में योगदान पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप पंवार और विकास गोयल द्वारा किया गया। आभार बलवीर सिंह राठौर द्वारा व्यक्त किया गया।

रह रहे इंदौर और गुजरात पर जमीन से जुड़ाव नहीं भूले

मस्के के साथ इंदौर में निकली बारात तो गुजरात में छाया घोड़ा नाच

डही। क्षेत्र के आदिवासी समाज के कई लोग देश के विभिन्न शहरों और महानगरों में सरकारी नौकरियां कर रहे हैं। वे वर्षों से अपने मूल गांव से दूर होते हुए शहरी सभ्यता में रच बस गए हैं। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अपनी मूल संस्कृति और परंपरा को नहीं छोड़ा है। क्षेत्र में आदिवासी समाज में होने वाली शादियों में कई ऐसी विशिष्ट परंपराएं हैं, जो इस समाज को सर्वोत्तम स्थान प्रदान करती है। इस समाज की शादियों में कई ऐसी रस्म है, जिनमें सहयोग की अटूट भावना देखी जा सकती है। लेकिन बात करें महानगर इंदौर में रहने वाले आदिवासी समाज के लोगों की तो वे भी इससे अछूते नहीं है। वर्तमान में इंदौर में रहने वाले शिक्षक रामलाल अलावा जो कि मूलतः पड़ियाल के निवासी है। उनके पुत्र का विवाह शनिवार और रविवार को संपन्न हुआ। खास बात यह रही कि उनके यहां हुए शादी के इस आयोजन में आदिवासी परंपराओं का बोलबाला दिखा। वहीं गुजरात में उच्च शिक्षित आदिवासी समाज के यहां हुई शादी में घोड़ा नाच की धूम रही।

इंदौर में पड़ियाल से गए रिश्तेदार मस्का लेकर और उसमें उपहार रखकर मांगलिक गीत गाते हुए दूल्हे के घर तक पहुंची। यहां आदिवासी महिलाओं ने शादी ब्याह के गीत ढोलक पर बजाते हुए गाए। इस सब में ऐसा लगा ही नहीं कि शादी डही क्षेत्र में हो रही है या इंदौर महानगर में। पड़ियाल से गए लोकेश अलावा ने बताया कि इंदौर में रमेश अलावा के पुत्र की शादी में सभी परंपराएं आदिवासी रीति रिवाज से पूर्ण की गई। साथ ही गीत संगीत हो या अन्य कोई रस्म सभी में समाज की परंपराओं का बोलबाला रहा। उन्होंने बताया कि हमारे गांव की महिलाएं आदिवासी सभ्यता और प्रेम का प्रतीक मस्का सिर पर उठाए और उसमें दूल्हा-दुल्हन के लिए उपहार लेकर पहुंची साथ ही बारात में भी सिर पर मस्का उठाए मांगलिक गीत गाते हुए चली। इससे यह नजारा इंदौर में भी देखते ही बना। दूल्हा बने गजेंद्र अलावा ने बताया कि उनका जब बाना इंदौर में निकला तो उनकी रिश्तेदार महिलाएं और युवतियां सिर पर मस्का उठाएं बारात में पैदल चली। जैसा कि डही क्षेत्र की शादियों में होता है। दूसरी ओर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डही में पदस्थ बीपीएम अर्चना जमरा जो कि आदिवासी समाज से है। वे अपने रिश्तेदार में दुल्हन की शादी में शनिवार को गुजरात पहुंची। तो गुजरात में भी डही क्षेत्र की परंपरा देखने को मिली। गुजरात के इस परिवार ने भी अपनी माटी की परंपरा का निर्वाह किया। यहां भी दुल्हन को कांधों पर उठाकर जमकर घोड़ा नाच कराया गया। जैसे कि यह परंपरा क्षेत्र में होती है। यहां भी बोहलनी और मस्कों की धूम रही। इसके अलावा इस समाज के कई ऐसे लोग भी हैं जो वर्षों से बाहर बड़े शहरों में नौकरी कर रहे हैं। लेकिन जब इनके विवाह का समय आया तो उन्होंने अपने मूल गांवों में आकर शादियां की। इनमें टीआई प्रियंका अलावा हो या डॉ सुरेन्द्रपाल अलावा हो या डॉ दिग्विजय सिंह अलावा हो। इत्यादि ऐसे कई अधिकारियों ने गांवों में आकर शादियां की। ऐसे में यह कहा जा सकता है कि आदिवासी समाज के लोग चाहे शहरों में शादी करे या गांवों में आकर वे अपनी जमीन और अपनी सभ्यता को नहीं भूलते हैं।

एक माह पूर्व महाकालपुरा में हुई डकैती के आरोपी गिरफ्तार

10 लाख रुपए का मश्रुका जब्त

बाग। धार पुलिस को थाना बाग क्षेत्रान्तर्गत 01 महिने पूर्व ग्राम महाकालपुरा हुई डकैती के आरोपियों को गिरफ्तार करने में मिली महत्वपूर्ण सफलता। धार पुलिस व्दारा डकैती में शामिल 04 आरोपियों को किया गिरफ्तार। धार पुलिस को थाना बाग के ग्राम महाकालपुरा में डकैती के दौरान लूटे गये चाँदी के गहने, 25,000/- रुपये नगदी व एक तुफान गाडी कुल मश्रुका 10 लाख रुपये के जप्त करने में मिली महत्वपूर्ण सफलता।

डकैती करने वाले अधिकांश आरोपी हैं बोरडाबरा ग्राम के कुख्यात डकैत। फरियादी का रिश्तेदार ही निकला डकैती करवाने वाला आरोपी। घर का भेदी लंका ढाए कहावत हुए सिद्ध फरियादी के परिवार का ही निकला अपने परिवार वाले के घर पर डकैती कराने वाला। पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार मनोज कुमार सिंह व्दारा थाना बाग क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महाकालपुर में फरियादी रमेश के घर पर हुई डकैती की घटना को गंभीरता से हुए स्वयं घटना स्थल पहुँचकर घटना स्थल के आस-पास के लोगो, व फरियादी से स्वयं प्रत्यक्ष रुप से बातचीत की। साथ ही सूनसान रोड़ पर राहगीरो के साथ मारपीट कर लूट, डकैती करने वाले गिरोह को चिन्हित कर आरोपियो की शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार गीतेश कुमार गर्ग के निर्देशन में एस. डी. ओ. पी. कुक्षी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बाग निरीक्षक कैलाश चौहान व सायबर शाखा प्रभारी उनि प्रशांत गुंजाल को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कुक्षी सुनिल गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बाग निरीक्षक कैलाश चौहान व्दारा विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपियो की तलाश के दौरान मुखबीर सूचना पर से आरोपी सोहन पिता भदु बामनीया जाति भील उम्र 32 साल निवासी ग्राम बोरडाबरा को गिरफ्तार किया जिसे पुछताछ करते घटना दिनांक को शंकर चमार तथा राजु पिता केसरसिह सिसोदिया निवासी महाकालपुरा के बताये घर ग्राम महाकालपुरा में अपने अन्य साथी भडकसिह पिता रालु, जुगन पिता भुवानसिह डावर जाति भील निवासी ग्राम बडवी, भुवान पिता बालकिया मेहडा, रमेश पिता वेस्ता बामनीया, दिनिया उर्फ धिनिया पिता कमरू भूरिया, कालिया पिता मालसिंह मेहडा, कालिया पिता भुरू बामनीया, सुमल पिता भंगडा भूरिया, संतोष पिता सेकडा भूरिया, भिकिया पिता नरसिंह डावर निवासीगण ग्राम बोरडाबरा एवं सरदार पिता नुरसिंह मण्डलोई निवासी ग्राम पिपल्दा की तुफान गाडी को लेकर रात करीबन 11-12 बजे महाकालपुरा में स्थित एक मकान में डकैती (धाडा) डालने के लिये आये थे आरोपीयो को जिस घर में डकैती (धाडा) डालना था वह मकान राजु पिता केसरसिह सिसोदिया निवासी महाकालपुरा और शंकर चमार ने बताया था। लोग घर के अन्दर गये और घर में सोये एक व्यक्ति को पकड लिया और उसे थप्पड मुक्को से मारपीट करना वहाँ सोई दो औरते बीच बचाव करने आई तो उनके साथ भी मारपीट कर फालिये से दिवार में लगी एलसीडी में तोड फोड कर दुसरे कमरे में एक लडका और एक औरत सोये उस लडके के गले में फालिया अडा कर बिस्तर पेटी में रखे सोने चाँदी के गहने व नगदी रुपये तथा मकान के साईड वाले कमरे में बाहर बांधी तीन बकरा बकरी को लेकर भाग जाना तथा तीनो बकरा बकरीयो को मारकर खा जाना नगदी रुपये व सोने चाँदी के गहने आपस में बाट लेना और शंकर चमार और राजु पिता केसरसिह सिसोदिय को पद्रह पंद्रह हजार रुपये देना स्वीकार किया तथा मेरे दो साथी डही डकैती करने गये थे वहाँ पर पुलिस ने उनको पकडना बताया, आरोपी भडकसिह, पप्पु उर्फ कृष्णा जुगन के जिला जेल अलिराजपुर में निरुद्ध होने से माननीय न्यायालय कुक्षी से अनुमति प्राप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लेकर आरोपीयो से लुट डकैती में लुटे गये चाँदी के गहने, 25,000/-रुपये नगदी व एक तुफान गाडी कुल मश्रुका 10 लाख रुपये की जप्त की गई। गिरफ्तार आरोपीयो को माननीय न्यायालय कुक्षी पेश किया जायेगा।

गिरफ्तार आरोपियो के नाम- भडकसिह पिता रालु हटीला जाति भील उम्र 30 साल निवासी बौरडाबरा थाना गंधवानी, जुगन पिता भुवानसिह डावर जाति भील उम्र 26 साल निवासी ग्राम बडवी थाना टाण्डा, सोहन पिता भदु बामनीया जाति भील उम्र 32 साल निवासी ग्राम बोरडाबरा बयडीपुरा थाना गंधवानी, पप्पु उर्फ कृष्णा पिता माँगीलाल उम्र 32 साल निवासी टाण्डा, राजु पिता केसरसिह सिसोदिया जाति बलाई उम्र 32 साल निवासी महाकालपुरा

फरार आरोपियो के नाम- रमेश पिता वेस्ता बामनीया निवासी बौरडाबरा, कालिया पिता मालसिंह मेहडा निवासी बौरडाबरा, दिनिया उर्फ धिनिया पिता कमरू भूरिया निवासी बौरडाबरा, भिकिया पिता नरसिंह डावर निवासीगण ग्राम बोरडाबरा, भुवान पिता बालकिया मेहडा, निवासी बौर डाबरा, कालिया पिता भुरू बामनीया, बौरडाबरा , सुमल पिता भंगडा भूरिया निवासी बौरडाबरा, संतोष पिता सेकडा भूरिया निवासी बौरडाबरा, सरदार पिता नुरसिंह मण्डलोई निवासी ग्राम पिपलदा, शंकर पिता नामालुम निवासी कोटा।

जप्त मश्रुका- चाँदी के जेवरात व 25,000/- रुपए नगदी, एक तूफान गाडी, कुल मश्रुका कीमती 10,00,000/- रुपए।

पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार मनोज कुमार सिंह व्दारा चोरी, लूट, डकैती करने वाले आरोपियों को सख्त चेतावानी दी गई हैं कि यदि उनके व्दारा अपराधों से दूरी नहीं बनाई गई तो उनके विरुध्द सख्त से सख्त उचित वैधानिक कार्यवाहियाँ की जावेगी ।

सराहनीय कार्य- उक्त कार्यवाही में निरीक्षक कैलाश चौहान, उनि दिलीप खाण्डे, सउनि,कमलेश राठौड़िया, प्र. आर 830 भावसिह रावत, प्र. आर. 53 लोकेश शुक्ला, प्र.आर.932 सखाराम गोखले, प्र. आर. 588 कैलाश गेहलोत, प्र. आर. 545 रेलमसिह भिन्डे,प्र.आर.06 गजेन्द्र, प्र. आर. 544 कमलेश चौहान, आर. 891 शहादर चौंगड, आर.1145 राजु, आर.528 सीताराम, आर. 567 लालसिह, आर.199 दुर्गेश, आर.441 कैलाश, आर. 1076 भुपेन्द्र, आर. 117 विक्रम, आर. 389 गजरात, आर. 81 राहुल, आर.405 मुकेश, तथा सायबर सेल की टीम प्रभारी उनि प्रशान्त गुंजाल, सउनि रामसिह गौड, प्र.आर. विजय भाटी, आर. भानु, आर. प्रशान्त, आर. सर्वेश का विशेष योगदान रहा।

धार के साहित्यकारों का सम्मान

धार। विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस दिनांक 23 अप्रैल 2025 को इंदौर संभाग पुस्तकालय संघ इंदौर द्वारा, 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक विनायक प्रकाशन इंदौर के द्वारा 38 साहित्यकारों की पुस्तकों का प्रकाशन किया, साहित्यकारों का सम्मान किया गया! जिसमें धार के साहित्यकार राधाकृष्ण बावनिया शीतल की प्रकाशित चार पुस्तकों, अपनों का दर्द, हल एक प्रश्न का, एक दीप प्यार का एवं बरसती बूंदन की बातें तथा नंदकिशोर उपाध्याय प्रबोधक की पुस्तक अंतस की पाती के प्रकाशन पर इन्दौर संभाग पुस्तकालय संघ,इंदौर द्वारा स्थान श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति सभागृह इंदौर पर कृति कुसुम सम्मान से रचनाकारों को सम्मानित किया गया। यह जानकारी नंदकिशोर उपाध्याय प्रबोधक द्वारा दी गई।

सी.एम.राईज बाग में जल संवर्धन एवं संरक्षण हेतु रैली का आयोजन

बाग। शासन के निर्देशानुसार सी.एम.राईज विद्यालय बाग में समर कैंप के साथ ही जल पखवाड़े का आयोजन भी हो रहा है। इसके तहत आज विद्यालय में बच्चों ने रैली निकालकर जल संवर्धन का संदेश दिया। रैली के पूर्व प्राचार्य डी.एस.बघेल ने बच्चों को जल का महत्व बताते हुए कहा कि जल ही हमारा जीवन है।जल को बचाना हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए,तभी मानव जाति सुरक्षित रह सकती है। उद्बोधन के पश्चात विद्यार्थियों ने -जल है तो कल है तथा जल बचाओ जीवन बचाओ के नारे लगाते हुए रैली में भाग लिया। इस जल संवर्धन रैली में माडल प्राचार्य उमेश लच्छेटा,दिनेश अजनारे, राजेन्द्र सिंह झाला, प्रतिभा उपाध्याय, ,श्री मति प्रतिभा उपाध्याय,श्री मति राधा शर्मा, मनीषा राठी ,नीतू यादव, प्रताप सिंह सोलंकी के साथ ही ममता बघेल,रीनू रावत, मीना मुजाल्दा,विद्या पंवार,आरती राठौड़,सरम सिंह चौहान, भाव सिंह मुजाल्दा,सुमित्रा सोलंकी ,वंदना नायक,मनीष राठौर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

पेड़ो पर टांगने के लिए सकोरे लाए

धार। 60+लालबाग ग्रुप ने पक्षियों का रखा ध्यान, पेड़ो पर,टांगने के लिए सकोरे लाए,हर सुबह इनमें दाने भरेंगे ताकि पक्षी चूग कर अपनी भूख से राहत पाएं।पानी की तलाई पास है,प्यास तो बुझ जाएगी,गर्मी में दाने की समस्या का निदान वरिष्ठो ने किया, है अनुभवी सुजान,घुमने आने वाले करें अनुसरण,हर वृक्ष पर हो टंगा एक सकोरा,पानी से अन्नसेभरा,चहकेगा उपवन घर आंगन ढेरा। यह जानकारी नंदकिशोर उपाध्याय प्रबोधक ने दी।

RCB की होमग्राउंड पर पहली जीत:राजस्थान को 11 रन से हराया

हेजलवुड ने 19वें ओवर में 2 विकेट लेकर पलटा मैच

बेंगलुरु (एजेंसी)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने होमग्राउंड चिन्नास्वामी स्टेडियम में सीजन का पहला मैच जीत लिया। टीम ने राजस्थान रॉयल्स को 11 रन से हरा दिया। जोश हेजलवुड ने 19वें ओवर में 1 ही रन खर्च किया, उन्होंने इस ओवर में 2 विकेट लेकर मैच पलट दिया। हेजलवुड ने मैच में 4 विकेट लिए। शुक्रवार को बेंगलुरु में ऋक्रने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी।

RCB ने 5 विकेट खोकर 205 रन बनाए। जवाब में राजस्थान 9 विकेट खोकर 194 रन ही बना सकी। यशस्वी जायसवाल ने 49 और ध्रुव जुरेल ने 47 रन बनाए। संदीप शर्मा को 2 विकेट मिले। बेंगलुरु से विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने फिफ्टी लगाई। क्रुणाल पंड्या ने 2 विकेट लिए। यश दयाल ने ओवर की पहली ही गेंद पर शुभम दुबे को कैच आउट करा दिया। दुबे ने 7 गेंद पर 12 रन बनाए। ओवर की तीसरी गेंद पर वनिंदू हसरंगा रन आउट हो गए। जोश हेजलवुड ने 19वें ओवर में 1 ही रन खर्च किया और 2 विकेट झटक लिए। उनके ओवर के बाद राजस्थान को आखिरी ओवर में 19 रन की जरूरत पड़ी। यश दयाल 20वां ओवर फेंकने उतरे। 19वें ओवर में जोश हेजलवुड ने 2 गेंद पर 2 विकेट झटक लिए। उन्होंने ओवर की तीसरी गेंद पर ध्रुव जुरेल को कॉट बिहाइंड कराया। फिर चौथी गेंद पर जोफ्रा आर्चर को भी कैच आउट करा दिया। पारी के 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने 22 रन खर्च कर दिए। उनके खिलाफ ओवर में 2 छक्के और 2 चौके लगे। 17वें ओवर में राजस्थान ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की तीसरी बॉल जोश हेजलवुड ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। शिमरोन हेटमायर पुल करने गए, लेकिन कॉट बिहाइंड हो गए। उन्होंने 8 गेंद पर 11 रन बनाए। राजस्थान ने 14वें ओवर में चौथा विकेट गंवाया। ओवर की तीसरी बॉल क्रुणाल पंड्या ने लेग स्टंप पर शॉर्ट पिच फेंकी। नीतीश राणा स्वीप करने गए, लेकिन शॉर्ट फाइन लेग पर भुवनेश्वर कुमार के हाथों कैच हो गए। नीतीश ने 22 गेंद पर 28 रन बनाए। 10वें ओवर में राजस्थान ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की पहली बॉल क्रुणाल पंड्या ने गुड लेंथ पर फ्लाइटेड फेंकी। रियान पराग बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में खड़ी हो गई।विकेटकीपर जितेश शर्मा गेंद के नीचे आए और आसानी से कैच पकड़ लिया। पराग ने 10 गेंद पर 22 रन बनाए। यह क्रुणाल पंड्या का इस सीजन बेंगलुरु में पहला ही विकेट है।



संभाग स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में धार जिला तृतीय

इंदौर। चौथी संभाग स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिया 2025 ,18 से 20 अप्रैल 25 तक अभ्युदय यूनिवर्सिटी खरगोन में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में सब जूनियर, कैडेट,जूनियर,एवं सीनियर खिलाड़ियों के मध्य प्रतियोगिता हुई, जिसमें इंदौर जिला प्रथम, खंडवा द्वितीय एवं धार तृतीय पर रहा। स्वर्ण पदक विजेता कर्तव्य ठाकुर विवान, देवांश, भूमिका चौहान, लक्ष्य,ओम सौम्य भदौरिया,भावना यादव,।रजत पदक विजेता पुनिश शुक्ला,मितेश,सार्थक नागर आबिद, पादुष,स्पर्श, राजवीर बंदोद आदिश्री, मनीषा।कांस्य पदक विजेता मोहल शर्मा, अभिनंदन,सानिध्य परमार, भाव्यांश,आराध्य शर्मा,तनिष्क ,कुणाल, निखिल जुबिया, यश, यह जानकारी कोच गगनसिंह राजपूत ने दी। धार ताइक्वांडो एसोसियेशन के अध्यक्ष श्री प्रवीण तोमर एवं पालकों ने बच्चों को बधाईयां दी।

ऑल इंडिया राष्ट्रीय कराते स्पर्धा के लिए रतलाम के खिलाड़ी चयनित

इंदौर। भारतीय कराते संघ के सानिध्य में एवं उत्तराखंड कराते एसोसिएशन के तत्वाधान में ऋषिकेश में दिनांक 27 अप्रैल को इंडियन मिलिट्री अकादमी के कोच राजेंद्र गुप्ता द्वारा आयोजित होने वाले 13वे आल इंडिया राष्ट्रीय कराते स्पर्धा के लिए रतलाम जिले के विभिन्न स्कूल से कराते खिलाड़ियों का चयन एलेट स्पोर्ट्स द्वारा ट्रेडीशनल शोटोकान मध्यप्रदेश संघ टीम में किया गया है । ये सभी खिलाड़ी मध्यप्रदेश को गौरांवित करने हेतु स्पर्धा में उतरेंगे । चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है । रतलाम से चयन भाटी , माही बाली ,आर्यन बाली, अभिषेक चौहान , लक्की पारोचे, हर्षिता बाली एवं इंदौर से शौर्य चावड़ा ,शुभ गांधी , साक्षी लोधी, रचित खोत एवं भोपाल से माही धर्मेंद्र धारू अश्विन राठौर शामिल है । टीम के मुख्य कोच फिफ्थ डान ब्लैक बेल्ट अमय लश्करी होंगे एवं मैनेजर कमल बाली होंगे ।

स्व. सतीशचन्द्र गोठी मेमोरियल अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा

इंदौर। आईडीसीए के तत्वावधान में श्रीराम स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित स्व. सतीष चन्द्र गोठी स्मृति अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अतर्गत आज एमवायसीसी एवं जय गिरनारी क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें जय गिरनारी क्लब ने पहले खेलते हुए 47 ओवरो में सभी विकेट खोकर 181 रन बनाये । अनुग्रह काले ने सर्वाधिक 27 रनों का योगदान दिया । नव्य व्यास ने 3 विकेट तथा अर्पित यादव, अंष लोधी व अनुज निषाद ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में एमवायसीसी की टीम ने 34 ओवरो में 3 विकेट खोकर 182 रन बना लिये और यह मैच 7 विकेट से आसानी से जीत लिया ।

कम्प्यूटर इन्जीनियरिंग विभाग को (पु. एवं म.) दोनो वर्ग में ओवर ऑल चैम्पियन का खिताब''

एसजीएसआईटीएस की वार्षिक खेलकूद स्पर्धा का पुरस्कार वितरण

इंदौर। एस.जी.एस.आई.टी.एस. इन्दौर के एकलव्य खेल स्पर्धा मंच एवं एसजीएसआईटीएस छात्र संघ के तत्वाधान में ''वार्षिक खेलकूद स्पर्धा वर्चस्व 2024-25'' के अन्तर्गत इन्टर ब्रांच खेलकूद स्पर्धाओं का पुरस्कार वितरण देवी अहिल्या विष्वविद्यालय इन्दौर के कुलगुरू प्रो.राकेष सिंघई के मुख्य आतिथ्य एवं शूटींग खेल में अर्जून एवं विक्रम अवार्डी श्रीमती राजकुमारी राठौर के विषेष आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेषक प्रो.नितेष पुरोहित ने की। इस अवसर प्रभारी प्राध्यापक स्टुडेंट अफेयर प्रो.आर.सी.गुर्जर एवं स्पर्धा संयोजक डॉ.मनीष जायसवाल भी मंच पर उपस्थित थे। ''वार्षिक खेलकूद स्पर्धा वर्चस्व में पुरूष एवं महिला वर्ग में क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, बॉस्केटबॉल, वॉलीबॉल, बेडमिंटन, पिट्ठु, लॉन टेनिस, शतरंज खेल का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में संस्थान की 11 ब्रांच ने हिस्सा लिया। प्रत्येक खेल में विजेता ब्रांच को 50 प्वाइंट तथा उपविजेता ब्रांच को 30 प्वाइंट प्रदान किये गए। सम्पुर्ण स्पर्धा में सर्वाधिक अर्जित करने वाली टीम के परिणाम इस प्रकार रहे- (1) कम्प्युटर इन्जी. विभाग (पु. एवं म.) : 340 प्वाइंट (ओवर ऑल चेम्पियन प्रथम), (2) सिविल इन्जी. विभाग (पु. एवं म.) : 310 प्वाइंट (ओवर ऑल चेम्पियन द्वितीय),(3) इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेषन इन्जी. विभाग (पु. एवं म.): 240 प्वाइंट (ओवर ऑल चेम्पियन तृतीय) उक्त स्पर्धा के प्रत्येक खेल में पुरूष एवं महिला वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियो को पुरस्कृत किया गया। ओवर ऑल वार्षिक प्रदर्षन के आधार पर संस्थान के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरूष खिलाड़ी का पुरस्कार विष्णु जायसवाल (सिविल इन्जी. विभाग) तथा वर्ष के सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का पुरस्कार अनुष्का जरिया (बॉयोमेडीकल इन्जी. विभाग) ने अर्जित किया। सत्र 2024-25 में संस्थान के 28 खिलाड़ियो ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतरविष्वविद्यालयीन स्पर्धाओं में सहभागिता कर संस्थान को गौरवान्वित किया। संस्थान द्वारा इन सभी खिलाड़ियो को ट्रेंकषूट प्रदान कर पुरस्कृत किया। सत्र 2024-25 में संस्थान के 112 खिलाड़ियो ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय की राज्य स्तरीय स्पर्धाओं में सहभागिता कर इन्दौर नोडल का प्रतिनिधित्व कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। संस्थान द्वारा इन सभी खिलाड़ियो को टी शर्ट प्रदान की प्रोत्साहित किया। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विष्वविद्यालय भोपाल की अन्तरमहाविद्यालयीन खेलकूद स्पर्धाओं में उपलब्धि प्राप्त टीमो को भी सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर के एनसीसी कैम्प में चयनित होने वाले संस्थान के 10 एनसीसी कैडेट्स को मोमन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया। एनसीसी रैंक होल्डर कैडेट्स द्वारा पुरे सत्र में किये उल्लेखनीय सामाजिक कार्य के लिये भी पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि प्रो.राकेष सिंघई ने अपने उद्बोधन में कहा की आज की इस व्यस्त लाईफ स्टाईल में भी प्रत्येक छात्रो को खेलकूद के लिये कुछ समय अवष्यक निकालना चाहिये जिससे की अपने आप को शारिरिक एवं मानसिक रूप से फिट रख सके। उन्होने संस्थान में उपलब्ध खेलकूद सुविधाओं की सराहना की तथा संस्थान द्वारा अर्जित वार्षिक खेल उपलब्धियों की मुक्त कंठ से सराहना की। विषेष अतिथि शूटींग खेल में अर्जुन अवार्डी श्रीमती राजकुमारी राठौर ने छात्रो को हिदायत दी की आज के समय में बहुत से छात्र मोबाईल का अनावष्यक अत्यधिक उपयोग कर अपना समय बर्बाद कर रहे है और यही मुख्य कारण है कि आज मैदानो पर खिलाड़ियो के खेलने की संख्या कम हाती जा रही है।

आरसीबी अंक तालिका में तीसरे नंबर पर पहुंची

टीम	मैच	अंक	नेट रन रेट
1- गुजरात टाइटंस	8	12	1.104
2- दिल्ली कैपिटल्स	8	12	0.657
3- आरसीबी	9	12	0.482
4- मुंबई इंडियंस	9	10	0.673
5- पंजाब किंग्स	8	10	0.177
6- लखनऊ सुपर जॉयंट्स	9	10	-0.054
7- कोलकाता नाइट राइडर्स	8	6	0.212
8- राजस्थान रॉयल्स	9	4	-0.625
9- सनराइजर्स हैदराबाद	8	4	-1.361
10- चेन्नई सुपर किंग्स	8	4	-1.392

बेहज़ाद निभाएंगे सलाबत खान की भूमिका

शो तेनाली रामा में अभिनेता बेहज़ाद खान शो में एक महत्वपूर्ण विरोधी सलाबत खान की भूमिका में शामिल हो गए हैं। सलाबत खान, बहमनी सल्तनत का एक चतुर और रणनीतिक योद्धा है, जो केवल एक आम दुश्मन नहीं बल्कि एक मिशन पर निकला हुआ व्यक्ति है – विजयनगर साम्राज्य को गिराने की साज़िशों से लैस।सलाबत खान की सोची-समझी चालें और सल्तनत के प्रति उसकी अटूट निष्ठा उसे एक ख़तरनाक दुश्मन के तौर पर पेश करती हैं। उसका आगमन तेनाली के लिए एक शक्तिशाली और बुद्धिमान दुश्मन की चुनौती बनता है, जिससे यह बुद्धि, रणनीति और संकल्प की परीक्षा बन जाता है।

स्नेहा ने सफाई अभियान में लिया हिस्सा

टीवी अभिनेत्री स्नेहा जैन, जिन्हें हाल ही में मेघा बरसेंगे में मुक्तास और साथ निभाना साथिया 2 में गेहना के रूप में देखा गया था, ने हाल ही में जुहू बीच पर एक सफाई अभियान में भाग लिया। स्नेहा का कहना है कि पर्यावरण से जुड़े मुद्दों को लेकर वह हमेशा से गंभीर रही हैं और प्रकृति मां के लिए कुछ अच्छा करना चाहती हैं।वह कहती हैं, मुख्य कारण यह था कि मैंने समझा कि प्रकृति की रक्षा करना केवल एक कर्तव्य नहीं, बल्कि हमारी मानवता का हिस्सा है। हम प्रकृति का हिस्सा हैं, और उसका संतुलन बनाए रखना हमारी ज़िम्मेदारी है। अगर हम प्रकृति से कुछ ले रहे हैं, तो हमें भी कुछ वापस देना चाहिए। यह एक दो-तरफा लेन-देन है।

रेड 2 बनेगी जबरदस्त हिट

जैसे-जैसे रेड 2 को लेकर उत्साह बढ़ रहा है, प्रसिद्ध ज्योतिषी, अंकशास्त्री और हीलर आशुतोष क्लैरवॉयंट ने इस फिल्म के लिए एक बेहद साहसिक और रोमांचक भविष्यवाणी की है–यह फिल्म एक ज़बरदस्त ब्लॉकबस्टर साबित हो सकती है, शायद रेड के पहले भाग से भी अधिक तीव्र, सराहनीय और बॉक्स ऑफिस पर सफल।आशुतोष, जो अपनी गहरी अंतर्ज्ञानी समझ और आत्मा के स्तर तक स्पष्टदर्शिता के लिए जाने जाते हैं, का मानना है कि रेड 2 अजय देवगन के फिल्मी सफर में एक कर्मिक शिखर बिंदु बन सकती है। उन्होंने कहा, इस फिल्म से बहुत मजबूत कर्मिक फल जुड़ा है। अजय का किरदार शायद एक आइकॉनिक परफॉर्मेंस के रूप में याद रखा जाएगा – यह उनके करियर का एक सिग्नेचर फेज़ हो सकता है। वह एक ऐसे चरण में प्रवेश कर रहे हैं जहाँ लीजेंड्स जन्म लेते हैं।

नकली शेरनी की कहानी असली में बदली

अंगूरी विभूति को बताती है कि अम्माजी का मानना है कि सिर्फ शेरनी का दूध ही तिवारी की तबीयत ठीक कर सकता है। अंगूरी ये दूध लाने के

लिए कॉलोनी छोड़ने की तैयारी कर रही होती है। ये सुनकर विभूति परेशान हो जाता है । तब वो झूठ बोल देता है कि उसके पास पहले से ही एक पालतू शेरनी है! जब अनीता शहर से बाहर जाती है, तो विभूति डेविड चाचा को शेरनी का रूप देकर सबके सामने पेश करता है। कॉलोनी के लोग हैरान रह जाते हैं और शेरनी का दूध खरीदने के लिए लाइन लग जाती है। विभूति का अजीबो-गरीब कारोबार जमकर चल पड़ता है। यहां तक कि अनीता भी गुस्सा करने के बाद मुनाफे में हिस्सा चाहती है। इसी बीच, हप्पू को फॉरेस्ट डिपार्टमेंट से कॉल आता है कि एक असली आदमखोर शेर कॉलोनी की तरफ बढ़ रहा है। अब अनीता को पछतावा होता है और वह ये ड्रामा बंद करने को कहती है।

नील पुलिस अफसर की भूमिका में

अभिनेता नील समरथ अपने फैंस को इन दिनों इंस्टाग्राम पर अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की झलकियां दिखाकर उत्साहित कर रहे हैं। खबरों की मानें तो नील जल्द ही वेब सीरीज रोज़ गार्डन में नजर आएंगे। उन्होंने शूटिंग की कुछ झलकियां भी इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं।हाल ही में उन्होंने एक रील पोस्ट की, जिसमें कुछ सीन की झलक दिखाई गई और कैप्शन दिया, ÷ष्टश्वद्बद्बठ्ठद्द स्श्वश्चठ्ठ.÷ हालांकि इस सीरीज के बारे में अभी तक कोई औपचारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन इंस्टाग्राम पर डाले गए वीडियोज़ से

लाफ्टर शेफ हरपाल ने कनॉट प्लेस में खोला कारीगरी

टीवी शो लाफ्टर शेफ्स में नजर आ रहे मशहूर शेफ हरपाल सिंह सोखी ने राजधानी दिल्ली के दिल–कनॉट प्लेस–में अपने लोकप्रिय रेस्टोरेंट कारीगरी का 11वां आउटलेट लॉन्च कर दिया है। नोएडा, फरीदाबाद और गुरुग्राम में पहले से ही सफलतापूर्वक चल रहे कारीगरी आउटलेट्स के बाद कनॉट प्लेस का यह नया आउटलेट शेफ सोखी की कामयाबी में एक और शानदार अध्याय जोड़ता है।

हप्पू राजेश के हनी ट्रैप में फँसा

हप्पू एक आदिवासी आदमी को गिरफ्तार करता है, लेकिन मामला तब मज़ेदार मोड़ लेता है जब वो आदमी हप्पू और मनोहर को छुड़ाने के लिए देसी शराब ऑफर करता है। नशे में धुत्त हप्पू सड़क पर एक औरत को राजेश समझ बैठता है और उसके साथ ठुमके लगाने लगता है! यह नज़ारा अवधेशिया देख लेती है और फौरन जाकर राजेश को बताती है। घर पहुंचकर राजेश हप्पू से सवाल करती है, लेकिन हप्पू सच्चाई से बचने के लिए अजीब-अजीब कहानियां गढ़ता है। इधर थाने में कमिश्नर सबको 'हनी ट्रैप' से सावधान रहने की चेतावनी देते हैं। उधर, राजेश हप्पू की परीक्षा लेने के लिए खुद को किसी और के रूप में पेश करती है और उसे होटल में बुलाती है। होटल में हप्पू पूरी तरह रोमांटिक मूड में होता है, ये जाने बिना कि सामने वाली खुद राजेश है। कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) समेत सब लोग हप्पू की हरकतों से चौंक जाते हैं, लेकिन राजेश यहीं नहीं रुकती। अगली सुबह वो दोबारा उसे कॉल करती है, और इस बार भी हप्पू नशे में उसी चाल में फँस जाता है। जब सच्चाई सामने आती है, तो घर में तूफान मच जाता है।

भीमा के करारे जवाब से सब चौंक जायेंगे

घटनाओं के जोरदार मोड़ में, भीमा पहले से कहीं ज्यादा मजबूती से सामने आती है। जब उनके पिता मेवा को सबके सामने अपमानित किया जाता है, तो भीमा फैसला करती है कि अब जवाब देने का समय आ गया है। वह हिम्मत के साथ एक मोर्चा निकालती है और विधायक से न्याय, सम्मान और बराबरी की मांग करती है। बाबा साहेब आम्बेडकर की शिक्षाओं से प्रेरित होकर, वह निडरता से जातिवाद पर सवाल उठाती है। भीड़ का समर्थन देख विधायक हैरान रह जाता है और मेवा से सार्वजनिक रूप से माफी मांगता है। लेकिन भीमा का मिशन यहीं खत्म नहीं होता। एक सामुदायिक कार्यक्रम में वह खुलकर कैलाशा बुआ और कालिका सिंह की वर्षों की गलतियों को उजागर करती है। स्कूल के एक कार्यक्रम में, खुद बाबा साहेब उसकी हिम्मत की सराहना करते हैं। जब कैलाशा बुआ धनिया को सज़ा देने की कोशिश करती है, तब भीमा बीच में आकर ऐसा करारा जवाब देती है कि सब चौंक जाते हैं।

चुनाव प्रत्याशी का आपराधिक रिकॉर्ड जानना हर वोटर का हक : कोर्ट

ग्वालियर । पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत की चुनाव याचिका पर अगली सुनवाई 5 मई को होगी। उन्होंने विजयपुर विधायक मुकेश मलहोत्रा के निर्वाचन को निरस्त करने और उन्हें विजेता घोषित करने की मांग की है। वर्तमान विधायक मलहोत्रा ने याचिका निरस्त करने के लिए हाईकोर्ट में आवेदन दिया था, लेकिन हाई कोर्ट ने उनका ही आवेदन निरस्त कर दिया। हाई कोर्ट ने भारतीय निर्वाचन आयोग और सुप्रीम कोर्ट के पूर्व में दिए गए निर्देशों का हवाला देकर कहा कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों की आपराधिक पृष्ठभूमि को जानना प्रत्येक मतदाता का मौलिक अधिकार है। आयोग बार-बार इस बात को दोहराता है कि प्रत्याशी संपूर्ण आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी दें, ताकि उस विधानसभा में रहने वाले प्रत्येक मतदाता को इसकी जानकारी मिल सके। आठ बार के विधायक रावत गत वर्ष हुए विजयपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश मलहोत्रा से पराजित हुए थे। अब उन्होंने कांग्रेस विधायक पर चुनावी हलफनामे में आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी छुपाने का आरोप लगाकर निर्वाचन निरस्त करने की मांग की है।

बीएचईएल फैक्ट्री परिसर में भीषण आग, मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम

भोपाल । मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में मौजूद बीएचईएल (भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) परिसर में भीषण आग लग गई। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चला है। आग बुझाने का काम जारी है। बताया जा रहा है कि अंदर ऑयल की टंकियों में ब्लास्ट हुआ है। हजारों पेड़-पौधे आग की चपेट में आ गए। 8 फायर ब्रिगेड और 4 टैंकर भी मौके पर है। जानकारी के मुताबिक भेल के गेट नंबर 9 के पास कैंपस के अंदर वेस्ट मटेरियल में आग लग गई है। कैंपस से उठ रहा धुआं कई किमी दूर से दिखाई दे रहा है। अभी तक किसी तरह के नुकसान की जानकारी से भेल के अफसर इंकार कर रहे हैं। फायर ब्रिगेड आग पर काबू पाने में लगी है। सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) की टीम को भी तैनात किया गया है।

मंडीदीप में गेल प्लांट में गैस लीक होने से अफरा-तफरी

मंडीदीप । भोपाल के करीब मंडीदीप में बीती रात करीब 12 बजे गेल प्लांट में गैस लीक हो गई। गैस लीक की सूचना मिलते ही फायर सेफ्टी टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद बुधवार सुबह करीब 10 बजे रिसाव को रोका गया। इस दौरान प्लांट के अंदर अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद एहतियातन एनडीआरएफ और एसडीईआर की टीमें भी मौके पर पहुंची। प्लांट के एक किलोमीटर के दायरे में बैरिकेड्स लगाकर आवाजाही पर रोक दिया गया। नगर पालिका मंडीदीप के फायर फाइटर्स को बुलाया गया। इलाके को खाली करा लिया गया। गेल के प्रोजेक्ट मैनेजर डी डोंगरे ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है। उन्होंने कहा कि रिसाव को नियंत्रित कर लिया गया है। किसी तरह के नुकसान की आशंका नहीं है। स्कूलों की छुट्टी या आसपास के क्षेत्र को खाली कराने जैसी कोई आवश्यकता नहीं है। वहीं कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने बताया कि प्लांट में मिड नाइट से गैस रिसाव हो रहा था। हमें इसकी जानकारी सुबह करीब पांच बजे मिली। अब रिसाव रोक दिया गया है। पूरे एरिया को सैनिटाइज कराया गया है। हालत गंभीर नहीं हैं। हम प्लांट का सेफ्टी ऑडिट करा रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश से आढत प्रथा खत्म, लहसुन के किसानों को फायदा

भोपाल । सुप्रीम कोर्ट ने लहसुन उत्पादक किसानों की याचिका पर सुनवाई करते हुए लहसुन उत्पादकों को बड़ी राहत दी है। सुप्रीम कोर्ट ने आढत प्रथा को गलत माना है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद कृषि उपज मंडियों में लहसुन के दाम ?2000 प्रति क्विंटल बढ़ गए। इसका फायदा किसानों को हुआ है। सरकारी नीलामी में लहसुन के दाम किसानों को बढे हुए प्राप्त हुए हैं। सोमवार को कृषि उपज मंडियों में लहसुन 9000 प्रति क्विंटल की दर से बिक रही थी। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अब लहसुन के दाम किसानों को 11000 प्रति क्विंटल के मिले हैं। नीलामी के जरिए लहसुन बेचने पर किसानों को बेची गई लहसुन का दाम समय पर प्राप्त होगा। आडतियों के द्वारा खरीदी गई लहसुन का दाम देर से मिलता था,कभी-कभी किसानों का पैसा डूब भी जाता था।

मध्यरात्रि में महिला को सोनकच्छ से घर पहुँचने का कोई साधन नहीं मिलने पर, डायल-112/100 जवानों ने एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर सुरक्षित उनके घर छोड़ा

देवास। देवास के थाना सोनकच्छ क्षेत्र में कृषि कार्यालय के पास एक महिला बैठी हुई है जिन्हे घर पहुँचने का कोई साधन नहीं मिल रहा है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 24-04-2025 को मध्यरात्रि में प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल सोनकच्छ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ प्रधान आरक्षक सुनील खरे ,आरक्षक देवेन्द्र नरवरिया एवं पायलेट रवीन्द्र गुनाया ने मौके पर पहुँचकर बताया कि इंदौर से कोदपुरा जा रही महिला को मध्यरात्रि में सोनकच्छ से कोदपुरा जाने के लिए कोई साधन नहीं मिल रहा था। डायल 112/100 जवानों ने पीड़ित महिला को एफ आर व्ही वाहन से ले जाकर सुरक्षित उनके गाँव कोदापुर छोड़ा । महिला एवं उनके परिजन द्वारा डायल-112/100 सेवा की प्रशंसा एवं पुलिस स्टाफ का धन्यवाद किया।

नपा नेता प्रतिपक्ष पर हुई एफआईआर के विरोध में सर्वसमाज का प्रदर्शन

अशोकनगर । शहर की बिगड़ती सफाई व्यवस्था को लेकर आवाज उठाना एक पार्षद को महंगा पड़ गया। वार्ड 18 के पार्षद और नगरपालिका में नेता प्रतिपक्ष रीतेश जैन पर दर्ज एससी/एसटी एक्ट की एफआईआर के विरोध में गुरुवार को शहर में जोरदार प्रदर्शन हुआ। सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए लोगों में सर्वसमाज, ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन और अन्य सामाजिक संगठनों ने एकजुट होकर प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोला और ज्ञापन सौंपा। इस विरोध में कांग्रेस विधायक हरीबाबू राय भी शामिल हुए।

एनआईए ने कोर्ट में डेढ़ हजार पेजों की दलील पेश कर की मांग

प्रज्ञा ठाकुर पर धमाके की साजिश रचने के आरोप, 8 मई को आएगा फैसला

भोपाल । साल 2008 के मालेगांव बम धमाके के आरोपों से घिरी भोपाल से भाजपा की सांसद रहीं प्रज्ञा सिंह ठाकुर सहित सात आरोपियों को एनआईए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) ने मौत की सजा देने की मांग कोर्ट से की है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मुंबई के स्पेशल कोर्ट से 2008 के मालेगांव बम विस्फोट मामले में सभी सात आरोपियों पर गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम की धारा 16 के तहत मौत की सजा देने का अनुरोध किया है। एनआईए ने आखिरी दलील दायर की 17 साल पुराने बम धमाके में छह मुस्लिम मारे गए और 100 से अधिक घायल हो गए। मामले की दलीलें पूरी होने के बाद एनआईए की आखिरी लिखित दलील दायर की है। एनआईए द्वारा दायर की गई इस दलील में डेढ़ हजार से ज्यादा पेज हैं। हालांकि, कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

जज एके लाहोटी 8 मई को अपना फैसला सुनाएंगे। मामले में साध्वी प्रज्ञा, कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, समीर कुलकर्णी, स्वामी दयानंद पांडे और सुधाकर चतुर्वेदी पर हिंदुत्व विचारधारा से जुड़ी एक व्यापक साजिश के तहत विस्फोट की साजिश रचने और उसे अंजाम देने का आरोप है।

323 गवाहों में से 32 ने बदल दिए थे बयान

एनआईए ने पहले साध्वी प्रज्ञा को बरी कराने का प्रयास किया था

जिसमें एनआईए की ओर से कहा गया था कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने अब अपना रुख बदल दिया है। एनआईए ने अदालत से किसी भी तरह की नरमी न बरतने का आग्रह किया है। जबकि 323 गवाहों में से 32 ने कथित तौर पर दबाव में आकर अपने बयान वापस ले लिए। एनआईए ने अपने नए सबमिशन में तर्क दिया कि बहिष्कृत गवाहों को विश्वसनीय नहीं माना जा सकता है। उनके देर से मुकरने से आरोपियों को कोई लाभ नहीं होना चाहिए।

आरोपियों को मौत की सजा दी जाए

जमीयत उलेमा महाराष्ट्र के लीगल सेल के वकील शाहिद नदीम ने कहा कि एजेंसी ने यूएपीए की धारा 16 का हवाला देते हुए आरोपियों के लिए सख्त सजा की अपील की है। अगर किसी आतंकवादी गतिविधि के परिणामस्वरूप मौत होती है तो दोषी को मौत की सजा दी जा सकती है। जमीयत के सीनियर वकील शरीफ शेख ने भी साध्वी प्रज्ञा के खिलाफ सबूतों की गंभीरता को दोहराते हुए कहा कि उन्होंने साजिश की बैठकों में हिस्सा लिया और उनकी मोटरसाइकिल एलएमएल फ्रीडम का इस्तेमाल बम लगाने के लिए किया गया। यह अकेले ही उनकी स्पष्ट संलिप्तता को दर्शाता है।

सितंबर 2008 में हुआ था मालेगांव विस्फोट

सितंबर, 2008 का मालेगांव विस्फोट उन पहली आतंकी घटनाओं में से एक था, जिसमें दक्षिणपंथी हिंदुत्व समूहों को संदिग्ध के तौर पर नामित किया गया था। महाराष्ट्र एटीएस की शुरुआती जांच में साध्वी प्रज्ञा को मुख्य आरोपी माना गया था, लेकिन बाद में एनआईए ने उनसे पूछताछ करने में आनाकानी की, जिससे सवाल उठने लगे।

नरोत्तम के नाम पर बनेगी आम सहमती

प्रदेश अध्यक्ष की उल्टी गिनती, प्रधान आ सकते हैं भोपाल

भोपाल । मप्र में भाजपा अध्यक्ष पद के इस महीने के आखिर तक एलान होने की संभावना बन गई है। जानकारी के मुताबिक तीन महीने पहले इस चुनाव के प्रभारी घोषित कर दिए गए। केन्द्रीय मंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता धर्मेन्द्र प्रधान इस हफ्ते भोपाल आ सकते हैं। माना जा रहा है कि मई की शुरुआत तक मप्र में भाजपा को अपना नया अध्यक्ष मिल जाएगा। फिलहाल जिन नेताओं के नाम इस रेस में उनमें लंबे समय से हाशिए पर चल रहे पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा का नाम फिर सुर्खियों में आ गया है। बीते दिनों नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात के लिए भाजपा के तमाम दिग्गज नेता उनके निवास पर पहुंचे थे। हालांकि इस बीच वीडी शर्मा से लेकर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल तक दिल्ली दौड़ लगा चुके हैं। बाकी प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के ठीक पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मध्य प्रदेश दौरे को भी इस चुनाव में अहम कड़ी के तौर पर देखा जा रहा है।

सियासी गलियारों में अचानक से पूर्व मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का नाम भाजपा अध्यक्ष के लिए पहले नंबर पर आ गया है। इनके पहले तक बैतूल से पार्टी के विधायक हेमंत खंडेलवाल का नाम सबसे मजबूती में था। बीते कुछ हफ्तों में नरोत्तम मिश्रा के बंगले पर सियासी सरगर्मी बढ़ी। कैलाश विजयवर्गीय से लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे दिग्गजों की नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात हुई। प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के पहले केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मप्र दौरा भी हुआ। उनके लौटने के बाद से ही अचानक डॉ. नरोत्तम मिश्रा का नाम प्रदेश अध्यक्ष के लिए जोर पकड़ गया।

धर्मेंद्र प्रधान करेंगे घोषणा

मप्र में भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच इस समय सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष का एलान कब होगा। जो नेता इस दौड़ में कतार में हैं, वो भी सब्र बांधे बैठे हैं। इंतजार इस बात का है कि दिल्ली से मप्र में अध्यक्ष के लिए चुनाव प्रभारी बनाए गए धर्मेन्द्र प्रधान जब आएंगे तो उनके हाथ में किसके नाम की पर्ची होगी। दिल्ली में पिछले दिनों हुई बैठक के बाद ये माना जा रहा है कि अब मध्य प्रदेश में पार्टी अध्यक्ष पद के एलान में और देर नहीं लगाएगी।

अध्यक्ष पद के लिए रेस में ये दिग्गज भी

मध्य प्रदेश में वीडी शर्मा के बाद भाजपा का अगला अध्यक्ष कौन होगा। ये कार्यकर्ताओं की तरफ से पूछा जा रहा दूसरा सवाल है। मध्य प्रदेश में अध्यक्ष के चुनाव में अब तक इतनी देरी पहले कभी नहीं हुई। हेमंत खंडेलवाल अब भी इस रेस में सबसे आगे बने हुए हैं। वे संघ की पहली पसंद बताए जा रहे हैं। उधर पूर्व मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा से लेकर डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल और पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री अरविंद भदौरिया के नाम भी रेस में बने हुए हैं। कांग्रेस प्रवक्ता संगीता शर्मा कहती हैं कि भाजपा में असल में प्रदेश से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अध्यक्ष पद के चुनाव की गुत्थी पूरी तरह से उलझ गई है। मध्य प्रदेश में भी कतार लंबी होती जा रही है। बेचारे नेताओं कार्यकर्ताओं के सब्र की परीक्षा ली जा रही है। उधर पार्टी के मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल कहते हैं कि कांग्रेस को अपनी कार्यपद्धति देखना चाहिए कि जहां जिलाध्यक्ष के चुनाव में खींचतान होती है।

सागर से आ रही थी नकली खाद..... ?

जबलपुर। पाटन रोड पर नुनसर चौकी के पास पुलिस ने डीएपी उर्वरक (खाद) से भरा एक पिकअप वाहन जब्त किया है7 दरअसल इस पिकअप वाहन में नकली डीएपी भरे होने की आशंका है7 देर रात पुलिस ने इस पिकअप वाहन को जब्त कर मामलें को रफा दफा करने की कोशिश की, तो किसान संघ सक्रिय हो गया और पाटन एसडीएम और कृषि विभाग को भी इसकी सूचना दे दी. दरअसल भारतीय किसान संघ को किसानों ने अनेक बार शिकायत की थी कि सागर से नकली डीएपी खाद भारी मात्रा में जबलपुर सप्लाई की जा रही है. डीएपी की कमी न हो इसलिए किसान अभी से स्टॉक करने में लगे हुए हैं. सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सागर से जबलपुर आ रहे पिकअप वाहन को पाटन थाने की नुनसर चौकी पुलिस ने अवैध परिवहन की आशंका पर सुबह चैकिंग के दौरान रोका और पिकअप वाहन को चौकी में खड़ा करा दिया. इससे पहले कि मामला रफा दफा हो पाता, इसी बीच किसानों ने भारतीय किसान संघ के नेताओं को इसकी जानकारी दे दी और किसानों ने एसडीएम सहित कृषि विभाग को सूचित कर दिया7 बताया गया है कि जांच के दौरान यह बात भी सामने आई कि वाहन में लोड़ डीएपी की बोरियों में नकली खाद भरी है।

लोको पायलट ने पड़ोसी के पालतु कुत्ते को कुचला, एफआईआर दर्ज

भोपाल। शहर के अशोका गार्डन इलाके में रहने वाले लोको पायलट की कार ने एक कुत्ते को कुचल दिया। दर्दनाक हादसे में कुत्ते की तड़प-तड़प कर मौके पर ही मौत हो गई। मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। लोको पायलट का कहना है, हादसे के समय कार वह नहीं चला रहे थे, और वह कुत्ता पालतू नहीं स्ट्रीट डॉग था,वहीं शिकायत करने वाली महिला ने उसे अपना पालतू श्वान बताया है। पुलिस के अुनसार प्रकाश नगर बिजली कॉलोनी की रहने वाली ओसिन जगलवा (30) पुत्री ओम प्रकाश जगलवा ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह एक मल्टी नेशनल कंपनी में एचआर के पद पर नौकरी करती हैं। मंगलवार को उनके घर के बाहर रेत पर उनका पालतु कुत्ता सो रहा था, पड़ोस में रहने वाले गोविंद गुप्ता ने अपनी कार को तेजी और लापरवाही से चलाते हुए उसे कुचल दिया, इससे कुत्ते की मौके पर ही तड़प-तड़पकर मौत हो गई। पूरे घटनाक्रम सीसीटीवी में भी कैद हुआ है। शुरुआती जॉच के बाद पुलिस ने गोविंद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है, फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

किराना, मोबाइल शॉप में शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखो का माल जला

भोपाल। देहात क्षेत्र के बागसेवनिया इलाके में स्थित नई बस्ती में एक किराना और मोबाइल शॉप में अचानक भड़की आग से लाखो का माल जलकर नष्ट ओ गया। जानकारी के अनुसार बीजेपी नेत्री शोभा पांडे नई बस्ती में किराना दुकान और मोबाइल-फोटो कॉपी की दुकान हैं। दोनों दुकानो का संचालन उनका बेटा करता है। बीती आधी रात करीब डेढ़ बजे मोहल्ले वालों ने उनकी दुकानो में आग लगने की खबर दी थी। परिवार के अन्य लोगो के साथ वह दुकान पर पहुंची तो दुकानो में से आग की लपटें उठती नजर आई। परिवार वालो के साथ आस पास के लोगो ने मिलकर आग पर पानी डालकर उसे बुझाने के प्रयास शुरु करते हुए फायर बिग्रेड को सूचना दी। लेकिन देखते ही देखते आग काफी बढ़ गई। शोभा पांडे का कहना है की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी, रहवासियो के साथ मिलकर पुलिस जवान काफी देर तक आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे लेकिन आग नहीं बुझी। उनका आरोप है कि फायर ब्रिगेड देरी से पहुंची तब तक दुकानें जलकर खाक हो चुकी थीं। दमकलकर्मियों ने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया।

थाना कोतवाली पुलिस ने फरार आरोपी कुंदन उर्फ कालिया सौदा को इतवारा भोपाल से किया गिरफ्तार

भोपाल । अपराधों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों के अनुक्रम मे पुलिस उपायुक्त जोन-03 भोपाल रियाज इकबाल,अति.पुलिस उपायुक्त जोन-03 भोपाल श्रीमती शालिनी दीक्षित,सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली सुजित तिवारी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी निरीक्षक काशीराम कुशवाहा थाना कोतवाली के द्वारा 01 टीम गठित कर फरार आरोपी कुन्दन सौदा उर्फ कालिया को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस कार्यवाही व घटना का सक्षिप्त विवरण- दि.12.01.2025 को फरियादी करन गौहर ने थाना उपस्थित आकर जुवानी रिपोर्ट किया कि मुझे अनावेदक कुंदन उर्फ कालिया सौदा एवं उसके पुत्र निखिल सौदा, रितिक सौदा एवं मुकुकल सौदा व्दारा एक राय होकर पैसो की अडीबाजी कर नही देने पर गंदी-गंदी गालिया देकर मारपीट कर जान से खतम करने की धमकी दिये है जिसकी रिपोर्ट पर थाना कोतवाली भोपाल मे अप.क्र-14/2025 धारा-296,115(2),119(1),351(3), 3(5)ब्हस का आरोपी कुंदन उर्फ कालिया सौदा एवं उसके पुत्र निखिल सौदा, रितिक सौदा एवं मुकुकल सौदा के विरूद्द पंजीबद्द कर विवेचना मे लिया गया । प्रकरण मे आरोपी निखिल सौदा, रितिक सौदा एवं मुकुकल सौदा को गिरफ्तार किया गया प्रकरण मे आरोपी कुंदन सौदा उर्फ कालिया सौदा घटना दिनांक से सकूनत से फरार चल रहा था आरोपी कुंदन सौदा उर्फ कालिया सौदा के विरूद्द गिरफ्तारी के हर सम्भब प्रयास किये गये जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस उपायुक्त ,जोन-03 भोपाल के आदेश क्र-पु.उपा./जोन-03/भो./री/उद-01/25 दि. 20.02.2025 के पालन मे आरोपी कुंदन सौदा उर्फ कालिया सौदा पर 1000 रुपये के इनाम की उदघोषणा की गई आज दि.24.04.25 को मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर आरोपी कुंदन सौदा उर्फ कालिया पिता स्व. . सोनार सिंह आयु 48 साल निवासी मकान नं. 14 तिलक मार्केट इतवारा थाना तलैया भोपाल को पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर पकडा गया जिससे पूछताछ की गई जिसके द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया । आरोपी कुंदन सौदा उर्फ कालिया का अपराधिक रिकार्ड थाना तलैया भोपाल से प्राप्त किया गया है जिसने आरोपी के विरूध्द संगीन धाराओ मे भोपाल शहर के विभिन्न थाने मे अपराध दर्ज है ।

आरोपी का नाम पताः- कुंदन सौदा उर्फ कालिया पिता स्व. . सोनार सिंह आयु 48 साल निवासी मकान नं. 14 तिलक मार्केट इतवारा थाना तलैया भोपाल

पुलिस टीम- थाना प्रभारी निरीक्षक काशीराम कुशवाहा,सउनि राकेश गुर्जर, आरक्षक प्रेमनारायण पटेल आरक्षक धर्मेन्द्र यादव की सराहनीय भूमिका रही है ।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com